SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

वित्त लेखे

2023-24

खण्ड–I

छत्तीसगढ़ शासन

वित्त लेखे

खण्ड-I

2023-24

छत्तीसगढ़ शासन

विषय–सूची

	विषय	पृष्ठ
	खण्ड–I	
	भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण पत्र	iii-v
	वित्त लेखे की मार्गदर्शिका	vii-xiii
1.	वित्तीय स्थिति का विवरण	2–3
2.	प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण	4–6
	विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश	7–13
3.	समेकित निधि में प्राप्तियों का विवरण	14–16
4.	समेकित निधि में व्यय का विवरण	
	कार्यात्मक व्यय	17–20
	व्यय का स्वरूप	21–23
5.	प्रगामी पूंजीगत व्यय का विवरण	24–28
6.	उधार तथा अन्य दायित्वों का विवरण	29–32
7.	सरकार द्वारा दिए गए कर्ज तथा अग्रिम का विवरण	33–37
8	वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों के अंशपूंजी तथा ऋण पत्रों में सरकार के निवेशों का तुलनात्मक सार	38
9.	सरकार द्वारा प्रदत्त प्रत्याभूतियों का विवरण	39
10.	सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान का विवरण	40–41
11.	दत्तमत और प्रभारित व्यय का विवरण	42
12.	वर्ष 2023–24 के अन्त तक निधियों के स्रोतों और अनुप्रयोग (राजस्व खाते से भिन्न) का विवरण	43–48
13.	समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश	49–50
	वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां	51–69
	खण्ड–II	
	भाग– I	
14.	राजस्व एवं पूंजीगत प्राप्तियों का लघु शीर्षवार विस्तृत विवरण	72–113
15.	राजस्व व्यय का लघु शीर्षवार विस्तृत विवरण	114–178
16.	पूंजीगत व्यय का विस्तृत विवरण	179–354
17.	उधार तथा अन्य दायित्वों का विस्तृत विवरण	355–371
18.	सरकार द्वारा दिए गए कर्ज तथा अग्रिम का विस्तृत विवरण	372–409
19.	सरकार के निवेशों का विस्तृत विवरण	410–436
20.	सरकार द्वारा प्रदत्त प्रत्याभूतियों का विवरण	437–444
21.	आकस्मिकता निधि एवं अन्य लोक लेखे संव्यवहारों का विस्तृत विवरण	445–458
22.	उद्धिष्ट निधियों के निवेश का विस्तृत विवरण	459–463

विषय–सूची		
	खण्ड–II	**पृष्ठ**
	भाग–II–परिशिष्ट	
I	मुख्यशीर्ष वार वेतन पर व्यय का तुलनात्मक विवरण	466–478
II	आर्थिक सहायता पर व्यय का तुलनात्मक विवरण	479–485
III	सरकार द्वारा दिये गये सहायता अनुदान/सहायता (संस्थावार तथा योजनावार)	486–547
IV	बाह्य सहायित परियोजनाओं की जानकारी	548–550
V	योजनाओं में व्यय	
(क)	केन्द्रीय योजनाएं (केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं केन्द्रीय योजना)	551–572
(ख)	राज्य योजनाएं	573–576
VI	भारत सरकार द्वारा राज्य में क्रियान्वयन अभिकरणों को निधियो का प्रत्यक्ष स्थानान्तरण (राज्य बजट के अलावा दी गई निधियॉ (अलेखापरीक्षित आंकड़े))	577–587
VII	विवरण क्रमांक 18 एवं 21 में दर्शाए गए अंतशेषों का मिलान एवं स्वीकरण	588–589
VIII	(i) सिंचाई योजनाओं के वित्तीय परिणाम	590
	(ii) विद्युत योजनाओं के वित्तीय परिणाम	591
IX	शासन की प्रतिबद्धताएं–अपूर्ण निर्माण कार्यो की सूची	592–622
X	अनुरक्षण व्यय का वेतन एवं गैर वेतन भाग का विवरण	623–640
XI	वर्ष के दौरान मुख्य नीतिगत निर्णयों अथवा बजट में प्रस्तावित नवीन योजनाओं	641–647
XII	शासन के प्रतिबद्धित दायित्वों का विवरण	648–650
XIII	राज्यों के पुनर्गठन–राज्यों के मध्य शेषों के प्रभाजन नहीं किये गए मदों का विवरण	651

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त लेखाओं की लेखापरीक्षा

अभिमत

31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष की प्राप्तियों और संवितरणों के वित्त लेखों जिनमें संचित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा से/में लेन–देन वाले संव्यवहार सम्मिलित हैं, के साथ वित्तीय स्थिति प्रस्तुत करते हैं। वित्त लेखाओं के संकलन में दो खंड शामिल है; खंड–I में वित्त की स्थिति की समेकित स्थिति और 'वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां' शामिल हैं, जिसमें महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश शामिल है और खंड–II लेखाओं को विस्तार से दर्शाता है। वर्ष के लिए अनुदानों और प्रभारित विनियोगों हेतु सरकार के विनियोग लेखे, जो बजट तुलना का प्रतिनिधित्व करते हैं, अलग से प्रस्तुत किए गए हैं।

मेरे अधिकारियों द्वारा अपेक्षित और प्राप्त की गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के आधार पर तथा लेखाओं की परीक्षण लेखापरीक्षा के परिणामस्वरूप, मेरे अभिमत में, 'वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियों' के साथ पढ़े जाने वाले वित्त लेखे उचित वित्तीय स्थिति और वर्ष 2023–24 के लिए राज्य सरकार की प्राप्तियां और संवितरण प्रस्तुत करते हैं।

इन लेखाओं की लेखापरीक्षा के साथ–साथ वर्ष या पूर्व के वर्षों के दौरान किए गए लेखापरीक्षा से प्राप्त टिप्पणियां 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए अलग से प्रस्तुत की जा रही छत्तीसगढ़ सरकार पर मेरी वित्तीय, अनुपालन और निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में निहित हैं।

अभिमत के लिए आधार

लेखापरीक्षा का संचालन सीएजी के लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार किया गया है। ये मानक यह अपेक्षा करते हैं कि हम इस आशय का तर्क संगत आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना तैयार करके उसका निष्पादन करें कि लेखे वस्तुपरक अशुद्ध विवरण से मुक्त हैं। एक लेखापरीक्षा में, परीक्षण के आधार पर, वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटीकरणों से संबंधित साक्ष्यों की जांच शामिल है। हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य मेरे अभिमत के लिए एक आधार प्रदान करते हैं।

प्रारंभिक और अनुषंगी लेखाओं की तैयारी का उत्तरदायित्व

राज्य सरकार राज्य विधानमंडल से बजट का प्राधिकरण प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी है। राज्य सरकार और वे जो बजट के निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं जैसे छत्तीसगढ़ सरकार के कोषागार, कार्यालय और विभाग, प्रारंभिक और अनुषंगी खातों की तैयारी और शुद्धता के साथ–साथ लागू

विधियों, मानकों, नियमों एवं विनियमों के अनुसार लेनदेन की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

इसके अलावा, वे वित्त लेखाओं के संकलन और तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ के प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को प्रारंभिक और अनुषंगी लेखाओं और उससे संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

वार्षिक लेखाओं के संकलन का उत्तरदायित्व

मेरे नियंत्रणाधीन कार्यरत छत्तीसगढ़ के प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) का कार्यालय राज्य सरकार के वार्षिक लेखों के संकलन एवं तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। यह नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां और सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार है।

वार्षिक लेखा वाउचरों, चालानों और कोषागारों, कार्यालयों और छत्तीसगढ़ सरकार के विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त विवरण और प्रारंभिक एवं अनुषंगी लेखाओं से संकलित किया गया है।

इस संकलन में विवरण (8, 17 (ख) (i), 17 (ग) (i), 19 एवं विवरण क्रमांक 14, 15 तथा 16 के नीचे व्याख्यात्मक टिप्पणियों) और परिशिष्ट (VIII, IX, XI तथा XII) सीधे छत्तीसगढ़ सरकार एवं संघ सरकार से प्राप्त जानकारी से तैयार किए गए हैं जो ऐसी जानकारी के लिए उत्तरदायी है।

वार्षिक लेखाओं की लेखापरीक्षा के उत्तरदायित्व

वार्षिक लेखाओं की लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 और 151 तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां और सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 की आवश्यकताओं के अनुसार प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के कार्यालय के माध्यम से ऐसी लेखापरीक्षा के परिणामों के आधार पर इन लेखाओं पर अभिमत व्यक्त करने के लिए की जाती है।

प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) और प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय अलग–अलग संवर्ग, अलग रिपोर्टिंग लाइन और प्रबंधन संरचना के साथ स्वतंत्र संगठन हैं।

मामले का महत्व

मैं निम्न विषय पर ध्यानाकर्षित करना चाहता हूँ।

1) राज्य सरकार के 31 मार्च 2024 तक अपने बजट दायित्वों ₹ 1,34,179.36 करोड़ के अतिरिक्त विभिन्न संस्थाओं द्वारा लिए गए ₹ 7,292.94 करोड़ के ऋणों के पुनर्भुगतान का ऑफ बजट दायित्व है। हालांकि शासन द्वारा विभिन्न वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करने हेतु प्रत्याभूतियाँ प्रदान की गई है, किन्तु इन ऋणों के मूलधन तथा ब्याज की पुनर्भुगतान का दायित्व पूर्णतः राज्य सरकार में निहित रहेगी। यद्यपि, उन दायित्वों को बजट दस्तावेज में उचित रूप से प्रकट नही की गई।

[विवरण क्रमांक 6 एवं 17 तथा वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां का अनुच्छेद 3(xvii) के संदर्भ में]

'मामले के महत्व' खंड के कारण वित्त लेखाओं पर मेरे अभिमत संशोधित नहीं हुए।

दिनांक : 19 नवम्बर 2024
स्थान : नई दिल्ली

(गिरीश चंद्र मुर्मू)
भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका

क शासकीय लेखे की संरचना का वृहद् सिंहावलोकन :–

1. छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त लेखे, राजस्व एवं पूंजीगत लेखाओं द्वारा प्रदर्शित वित्तीय परिणामों सहित, वर्ष के दौरान सरकार की प्राप्तियां एवं संवितरणों के लेखाओं तथा लेखे में दर्ज शेष के आधार पर राज्य शासन के लोक ऋण और देनदारियां एवं परिसम्पत्तियों का लेखा–जोखा प्रस्तुत करते हैं। वित्त लेखे के साथ विनियोग लेखे होते है, जो अनुदानों/विनियोगों के विरूद्ध व्यय की तुलना प्रस्तुत करते हैं।

2. **शासकीय लेखे निम्नानुसार तीन भागों में रखा जाता है :–**

भाग I–समेकित निधि : इस निधि के अन्तर्गत सरकार को प्राप्त समस्त राजस्व, राज्य शासन द्वारा लिए गए समस्त ऋण (बाजार ऋण, बॉण्डस्, केन्द्र सरकार से ऋण, वित्तीय संस्थाओं से ऋण, राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी विशेष प्रतिभूतियॉ, इत्यादि), भारतीय रिर्जव बैंक द्वारा दिये गये अर्थोपाय अग्रिम तथा राज्य शासन द्वारा दिये गये ऋण की अदायगी से प्राप्त समस्त राशि सम्मिलित है। इस निधि से कोई भी धनराशि विधि के अनुसार तथा भारत के संविधान में उपबंधित प्रयोजनों के लिए और रीति से विनियोजित की जायेगी, अन्यथा नहीं। व्यय के कुछ वर्ग जैसे (सांविधानिक प्राधिकारियों के वेतन, ऋण अदायगी, इत्यादि) राज्य के समेकित निधि पर भारित होता है (भारित व्यय) एवं इसके लिए राज्य विधान मण्डल में मतदान की आवश्यकता नहीं है। अन्य सभी व्ययों (दत्तमत व्यय) के लिए विधान मण्डल में मतदान किया जाता है।

समेकित निधि के दो भाग होते हैं–राजस्व एवं पूंजी (लोक ऋण, ऋण एवं अग्रिम सहित)। इन्हे पुनः 'प्राप्ति' एवं 'व्यय' शीर्षों में वर्गीकृत किया जाता है। राजस्व प्राप्ति शीर्ष को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है अर्थात, 'कर राजस्व', 'करेतर राजस्व' तथा सहायता अनुदान एवं अंशदान। ये तीन क्षेत्र पुनः उप क्षेत्रों में विभाजित किया गया है जैसे, 'वस्तु तथा सेवा कर', 'आय तथा व्यय पर कर', 'राजकोषीय सेवा', इत्यादि। पूंजीगत प्राप्ति में कोई भी क्षेत्र या उप क्षेत्र नहीं होता है। राजस्व व्यय शीर्ष को चार क्षेत्रों में विभाजित किया गया है : सामान्य सेवाएं, सामाजिक सेवाएं, आर्थिक सेवाएं तथा सहायता अनुदान एवं अंशदान। राजस्व व्यय के इन क्षेत्रों को पुनः उप क्षेत्रों में उप विभाजित किया गया है अर्थात, 'राज्य के अंग', 'शिक्षा, 'खेल, 'कला एवं संस्कृति' इत्यादि। पूंजीगत व्यय को सात क्षेत्रों में उप विभाजित किया गया है, जैसे–'सामान्य सेवाएं', 'सामाजिक सेवाएं', 'आर्थिक सेवाएं', 'लोक ऋण', 'ऋण एवं अग्रिम', 'अन्तर्राज्यीय समाशोधन एवं आकस्मिकता निधि में अन्तरण'।

भाग II–आकस्मिकता निधि : यह निधि अग्रदाय प्रकृति की होती है, जो कि राज्य विधान मण्डल द्वारा पारित विधि से स्थापित एवं राज्यपाल के नियंत्रण में, विधान मण्डल के अनुमोदन के लम्बित रहते आकस्मिक व्ययों को पूरा करने के लिए अग्रिम प्रदान करती है। यह राशि राज्य के समेकित निधि से संबंधित कार्यात्मक

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका–जारी

मुख्य शीर्षों को नामे कर, प्रतिपूर्ति की जाती है। वर्ष 2023–24 के लिए छत्तीसगढ़ शासन का आकस्मिक निधि ₹ 100.00 करोड़ है।

भाग III–लोक लेखा : सरकार द्वारा या सरकार के पक्ष में प्राप्त सभी अन्य लोक धन राशि, जहॉ सरकार एक बैंक या न्यासी की भूमिका निभाती है, लोक लेखा में जमा की जाती है। लोक लेखा के अन्तर्गत प्रतिदेय जैसे–अल्प बचत और भविष्य निधि, जमा (ब्याज वाली तथा बिना ब्याज वाली), प्रेषण एवं उचंत शीर्ष (दोनों कि अंतिम लेखांकन के लंबित रहने तक पारगमन शीर्ष है) सम्मिलित है। सरकार के पास उपलब्ध निवल रोकड़ शेष भी लोक लेखा के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाता है। लोक लेखा के छः क्षेत्र है, अर्थात 'अल्प बचत', 'भविष्य निधि इत्याादि', 'आरक्षित निधि', 'जमा एवं अग्रिम', 'उचंत एवं विविध', 'प्रेषण एवं रोकड़ शेष'। यह छः क्षेत्र पुनः उप क्षेत्रों में उप विभाजित किया गया है। लोक लेखा राज्य विधायिका के मताधीन नहीं है।

3. शासकीय लेखे छः स्तरीय वर्गीकरण में प्रस्तुत किया जाता है जैसे–मुख्य शीर्ष (चार अंक), उप मुख्य शीर्ष (दो अंक), लघु शीर्ष (तीन अंक), उप शीर्ष (दो अंक), विस्तृत शीर्ष (दो से तीन अंक) तथा उद्देश्य शीर्ष (दो/तीन/चार अंक)। मुख्य शीर्ष सरकार के कार्यों को प्रदर्शित करते हैं, उप मुख्य शीर्ष उप कार्य को प्रदर्शित करते हैं, लघु शीर्ष कार्यक्रमों/क्रियाकलाप को प्रदर्शित करते हैं, उप शीर्ष योजना को प्रदर्शित करते हैं, विस्तृत शीर्ष उप योजना को प्रदर्शित करते हैं एवं उद्देश्य शीर्ष व्यय के उद्देश्यों के घटक को प्रदर्शित करते हैं।

4. लेखाओं में वर्गीकरण की प्रमुख इकाई मुख्य शीर्ष होती है, जिसमें निम्नलिखित कोडिंग पद्धति निहित है : (31 मार्च 2024 तक अद्यतित मुख्य एवं लघु शीर्ष की सूची अनुसार)

0005 से 1606	*राजस्व प्राप्तियॉ*
2011 से 3606	*राजस्व व्यय*
4000	*पूंजीगत प्राप्तियॉ*
4046 से 7810	*पूंजीगत व्यय (लोक ऋण, ऋण एवं अग्रिम सहित)*
7999	*आकस्मिकता निधि को विनियोजन*
8000	*आकस्मिकता निधि*
8001 से 8999	*लोक लेखा*

5. लेखे की संरचना का चित्रमय स्वरूप निम्न प्रकार प्रस्तुत है :



ख वित्त लेखे में क्या निहित है :–

वित्त लेखे दो खण्डों में प्रस्तुत किये गये हैं।

खण्ड–I में भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का प्रमाण–पत्र, वित्त लेखाओं की मार्गदर्शिका, चालू वित्त वर्ष हेतु राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति और संव्यवहारों की संक्षिप्त जानकारी से संबंधित 13 विवरणियॉ एवं वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियॉ सम्मिलित है। खण्ड–I में वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियॉ तथा 13 विवरणियो का उल्लेख नीचे दिये गये है :

1. **वित्तीय स्थिति का विवरण :** इस विवरण में वर्ष के अंत में राज्य शासन की आस्तियॉ एवं दायित्वों के संचयी ऑकड़ों एवं विगत वर्षांत के तुलनात्मक आंकड़ों को प्रदर्शित किया जाता है।

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका–जारी

2. **प्राप्तियों एवं संवितरणों का विवरण :** इस विवरण में, सरकारी लेखे के तीनों भागों अर्थात समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखा में वर्ष के दौरान राज्य सरकार के सभी प्राप्तियों एवं संवितरणों को प्रदर्शित करता है। इसके अतिरिक्त एक परिशिष्ट, जो राज्य सरकार के रोकड़ शेषों का वैकल्पिक चित्रण (निवेश सहित) दर्शाते है, सम्मिलित है। इस परिशिष्ट में राज्य सरकार के अर्थोपाय अग्रिम की स्थिति को भी विस्तृत रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

3. **प्राप्तियों का विवरण (समेकित निधि) :** इस विवरण में राजस्व एवं पूंजीगत प्राप्तियों, राज्य शासन द्वारा दिये गये ऋणों का पुनर्भुगतान एवं लिए गये उधार सम्मिलित है। यह विवरण वित्त लेखे के खण्ड–II में विस्तृत विवरण 14, 17 एवं 18 के अनुरूप है।

4. **व्यय का विवरण (समेकित निधि) :** वित्त लेखे में लघुशीर्ष स्तर तक के सामान्य चित्रण से भिन्न यह विवरण कार्य के स्वरूप अनुसार व्यय (व्यय का उद्देश्य) भी दर्शाता है। यह विवरण खण्ड–II में विस्तृत विवरण 15, 16, 17 एवं 18 के अनुरूप है।

5. **प्रगामी पूंजीगत व्यय का विवरण :** यह विवरण खण्ड–II में विस्तृत विवरण 16 के अनुरूप है।

6. **उधार तथा अन्य दायित्वों का विवरण :** शासन के उधारों में उसके द्वारा उगाहे गए बाजार कर्जे (आंतरिक ऋण) एवं भारत सरकार से प्राप्त कर्जे एवं अग्रिम सम्मिलित है। 'अन्य दायित्वों' में 'अल्प बचत, भविष्य निधि इत्यादि' 'आरक्षित निधि' एवं 'जमा' शामिल है। इस विवरण में ऋणों के परिशोधन व्यवस्था पर एक टिप्पणी भी है तथा यह खण्ड–II में विस्तृत विवरण 17 के अनुरूप है।

7. **सरकार द्वारा दिये गये कर्जे तथा अग्रिम का विवरण :** यह विवरण राज्य शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के ऋणी समूहों जैसे–सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियॉं, स्वायत्त एवं अन्य निकाय/प्राधिकरणों एवं एकल प्राप्तकर्ता (सरकारी कर्मचारी सहित) को दिये गये समस्त कर्ज तथा अग्रिम को प्रदर्शित करता है। यह विवरण खण्ड–II में विस्तृत विवरण 18 के अनुरूप है।

8. **सरकार के निवेश का विवरण :** इस विवरण में सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनी, अन्य संयुक्त उपक्रम, सहकारी संस्थाओं तथा स्थानीय निकायों की अंशपूजी में राज्य शासन के निवेशों को दर्शाता है। यह विवरण खण्ड–II में विस्तृत विवरण 19 के अनुरूप है।

9. **सरकार द्वारा प्रदत्त प्रत्याभूतियों का विवरणः** इस विवरण में सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, स्थानीय निकायों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा लिये गये कर्जों पर मूलधन एवं ब्याज के भुगतान हेतु राज्य सरकार द्वारा दिये गये प्रत्याभूतियॉं का सारांश प्रदर्शित किया जाता है। यह विवरण खण्ड–II में विस्तृत विवरण 20 के अनुरूप है।

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका–जारी

10. **सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान का विवरण :** यह विवरण राज्य शासन द्वारा विभिन्न श्रेणी के अनुदानग्राहियों जैसे–सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, स्वायत्तशासी एवं अन्य निकायों/प्राधिकरणों तथा व्यक्ति विशेष को दी गई सहायता अनुदान को प्रदर्शित करता है। परिशिष्ट–III में प्राप्तकर्ता संस्थाओं के विवरण होते हैं।

11. **दत्तमत और प्रभारित व्यय का विवरण :** यह विवरण वित्त लेखे में प्रदर्शित निवल आंकड़ों को विनियोग लेखे में प्रदर्शित सकल आंकड़ों के साथ मिलान में सहायता करती है।

12. **राजस्व लेखे के अलावा व्यय हेतु निधि का स्रोतों और अनुप्रयोग का विवरण :** यह विवरण इस सिद्धान्त पर आधारित है कि राजस्व व्यय को राजस्व प्राप्तियों से पूरित किया जाना अपेक्षित है, जबकि वर्ष का पूंजीगत व्यय राजस्व आधिक्य, लोक लेखे के निवल जमा शेष, वर्ष के आरंभ में रोकड़ शेष तथा उधार से प्रतिपूर्ति किया जाना चाहिए।

13. **समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अन्तर्गत शेषों का सारांश :** यह विवरण लेखे की परिशुद्धता को स्थापित करने में सहायता करता है। यह विवरण खण्ड–II में विस्तृत विवरण 14, 15, 16, 17, 18 एवं 21 के अनुरूप है।

वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां प्रकटीकरण और व्याख्यात्मक टिप्पणियॉ प्रदान करते हैं, जिनका उद्देश्य लेन–देन के वर्ग, शेष आदि के लिए प्रासंगिक अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण प्रदान करना है, जो वित्त लेखे के हितधारकों/उपयोगकर्ताओं के लिए सहायक होगा।

बजट और वित्तीय रिपोर्टिंग का आधार, भारत सरकार का लेखांकन मानकों का अनुपालन, लेखाओं का रूप, पूंजी एवं राजस्व व्यय के मध्य वर्गीकरण, पूर्णांकन, आवधिक समायोजन आदि सहित महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां, वित्त लेखे के खण्ड–I में वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां के भाग के रूप में सम्मिलित है।

वित्त लेखे के खण्ड–II के दो भाग है : भाग–I में 9 विस्तृत विवरण तथा भाग–II में 13 परिशिष्ट।

14. **राजस्व एवं पूंजीगत प्राप्तियों का लघुशीर्ष वार विस्तृत विवरण :** यह विवरण वित्त लेखे के खण्ड–I के सारांशित विवरण 3 के अनुरूप है। लघुशीर्ष स्तर पर राजस्व प्राप्तियों के विवरण को प्रदर्शित करने के अतिरिक्त यह विवरण केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान के संबंध में उपशीर्ष स्तर पर विवरण दर्शाता है।

15. **राजस्व व्यय का लघुशीर्ष वार विस्तृत विवरण :** यह विवरण खण्ड–I के सारांशित विवरण 4 के अनुरूप है, जो राज्य शासन के राजस्व व्यय को दर्शाता है। भारित तथा दत्तमत्त व्ययों को स्पष्टतः पृथक रूप से दर्शाये जाते हैं।

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका–जारी

16. **पूंजीगत व्यय का लघुशीर्ष एवं उपशीर्ष वार विस्तृत विवरण :** यह विवरण खण्ड–I के सारांशित विवरण 5 के अनुरूप है, जो राज्य शासन के पूंजीगत व्यय (वर्ष के दौरान तथा संचयी रूप से) को प्रदर्शित करते हैं। भारित तथा दत्तमत्त व्ययों को स्पष्टतः पृथक रूप से दर्शाये जाते हैं। लघुशीर्ष स्तर पर पूंजीगत व्यय दर्शाये जाने के अतिरिक्त विशिष्ट योजनाओं के संदर्भ में यह विवरण उपशीर्ष स्तर की जानकारी भी प्रदर्शित करता है।

17. **उधारों तथा अन्य दायित्वों का विस्तृत विवरण :** यह विवरण खण्ड–I के सारांशित विवरण–6 के अनुरूप है, जिसमें राज्य शासन द्वारा उगाहे गये समस्त ऋण (बाजार ऋण, बंदपत्र, केन्द्र शासन से ऋण, वित्तीय संस्थाओं से ऋण, राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी विशेष प्रतिभूति इत्यादि) तथा भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त अर्थोपाय अग्रिम सम्मिलित है। इस विवरण में ऋणों की जानकारी तीन संवर्ग में प्रस्तुत किये गये हैंः (क) ऋणों का विवरण, (ख) परिपक्वता रूपरेखा अर्थात प्रत्येक संवर्ग के ऋणों का विभिन्न वर्षो में देय राशि, (ग) बकाया ऋणों का ब्याज दर रूपरेखा एवं बाजार ऋणों को दर्शाने वाला अनुलग्नक।

18. **सरकार द्वारा दिये गये कर्ज तथा अग्रिम का विस्तृत विवरण :** यह विवरण खण्ड–I के सारांशित विवरण 7 के अनुरूप है।

19. **सरकार के निवेशों का विस्तृत विवरण :** इस विवरण में वर्ष के दौरान निवेश के कम्पनी वार एवं मुख्य एवं लघुशीर्ष वार निवेश का विवरण दर्शाता है, जहॉ विवरण 16 एवं 19 के मध्य अंतर है। यह विवरण खण्ड–I के विवरण 8 के अनुरूप है।

20 **सरकार द्वारा प्रदत्त प्रत्याभूतियों का विस्तृत विवरण :** इस विवरण में सरकारी प्रत्याभूतियॉ का कम्पनी वार विवरण प्रदर्शित किया जाता है। यह विवरण खण्ड–I के विवरण 9 के अनुरूप है।

21 **आकस्मिकता निधि एवं अन्य लोक लेखे संव्यवहारों का विस्तृत विवरण** : इस विवरण में आकस्मिकता निधि में अप्रतिपूरित राशि, वर्ष के दौरान लोक लेखे संव्यवहारों की समेकित स्थिति एवं वर्ष के अंत में बकाया शेषों का विवरण लघुशीर्षवार स्तर पर दर्शाया जाता है।

22 **उद्धिष्ट शेष के निवेश का विस्तृत विवरण :** यह विवरण आरक्षित निधियों एवं जमा (लोक लेखा) से किये गये निवेश का विवरण दर्शाया जाता है।

खण्ड–II के भाग–II

भाग–II में वेतन, आर्थिक सहायता, सहायता अनुदान, बाहय् सहायित परियोजनाओं आदि सहित विभिन्न मदों पर 13 परिशिष्ट सम्मिलित है। यह विवरण, उप–शीर्ष अथवा निचले स्तर (अर्थात लघुशीर्ष स्तर से नीचे) तक लेखे में दर्शाए जाते हैं एवं इसलिए इन्हें सामान्यतः वित्त लेखे में दर्शाये नहीं जाते हैं।

वित्त लेखे की मार्गदर्शिका–समाप्त

परिशिष्टों की एक विस्तृत सूची खण्ड–I एवं II में 'विषय–सूची' में दर्शाये जाते है। परिशिष्टों के साथ पठित विवरणों एवं वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां वित्तीय स्थिति के साथ–साथ वर्ष के लिए शासन की प्राप्तियों एवं संवितरणों के लेखाओं को प्रस्तुत करती है।

ग सुलभ तालिका :

खण्ड–I में सारांशिकृत विवरण एवं खण्ड–II में समावेशित विस्तृत विवरणों तथा परिशिष्टों के मध्य संबंध निम्न तालिका में दर्शाया गया है (परिशिष्ट जिनके सारांशिकृत विवरणों से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, निम्न तालिका में नहीं दर्शाये गये हैं)।

मापदण्ड	खण्ड–I	खण्ड–II	
	सारांशिकृत विवरण	विस्तृत विवरण	परिशिष्ट
राजस्व प्राप्तियां (प्राप्त अनुदानों सहित), पूंजीगत प्राप्तियां	2, 3	14	..
राजस्व व्यय	2, 4,	15	I (वेतन), II (आर्थिक सहायता)
शासन द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान	2, 10	..	III (सहायता अनुदान)
पूंजीगत व्यय	1, 2, 4, 5, 12	16	I (वेतन)
शासन द्वारा प्रदत्त कर्जे तथा अग्रिम	1, 2, 7	18	..
ऋण की स्थिति/उधार	1, 2, 6	17	..
कम्पनियों, निगमों आदि पर शासन का निवेश	8	19	..
रोकड़	1, 2, 12, 13	..	..
लोक लेखे में शेष एवं उस पर निवेश	1, 2, 12, 13	21, 22	..
प्रत्याभूतियॉ	9	20	..
योजनाएं	..	..	IV (बाहय् सहायित परियोजनाओं)

सारांशित विवरण

1. वित्तीय स्थिति

आस्तियॉ[1]	संदर्भ (सरल क्रमांक)		31 मार्च 2024 को	31 मार्च 2023 को
	वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां	विवरण / परिशिष्ट		
रोकड़				
(i) कोषालय में रोकड़ तथा स्थानीय प्रेषण	..	..	0.00	0.00
(ii) विभागीय शेष	..	2, 21	12.07	12.09
(iii) स्थायी रोकड़ अग्रदाय	..	2, 21	0.34	0.34
(iv) रोकड़ शेष निवेश	..	2, 21	5,933.48	485.61
(v) भारतीय रिजर्व बैंक में जमा	5 (viii)	2, 21	194.40	215.63
(vi) पृथक उद्धिष्ट निधियों से निवेश[2]	..	2, 21	7,656.95	7,334.30
पूंजीगत व्यय				
(i) कंपनी, निगम इत्यादि के अंशपूंजी में निवेश	..	5,8,16,19	7,232.91[3]	7,172.06
(ii) अन्य पूंजीगत व्यय	..	5, 16	1,33,909.81	1,18,555.14
आकस्मिकता निधि व्यय (अप्रतिपूरित)	..	..	13.47	0.00
कर्जे और पेशगियां	..	7, 18	1,664.85	1,378.31
विभागीय अधिकारियों के पास पेशगियां	..	21	7.10	7.00
उचन्त और विविध शेष[4]	..	..	0.00	0.00
प्रेषण शेष	5 (iii)	12, 21	351.50	298.66
प्राप्तियों पर व्यय का संचयी आधिक्य	..	12	0.00	0.00
योग	..	..	**1,56,976.88**	**1,35,459.14**

[1] आस्तियों तथा दायित्वों के आंकड़े संचयी आंकड़े है। कृपया 'वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां' के टीप 1(v) भी देखें।

[2] केन्द्र सरकार की प्रतिभूती में निवेशित राशि ₹ 7,356.24 करोड़ तथा छत्तीसगढ राज्य खनिज विकास निधि से संयुक्त उपक्रम कम्पनियों ''छत्तीसगढ़ पूर्व रेलवे मर्यादित'', ''छत्तीसगढ़ पूर्व–पश्चिम रेलवे मर्यादित'' एवं ''छत्तीसगढ़ रेलवे कारपोरेशन मर्यादित'' के अंशपूंजी में निवेशित ₹ 300.71 करोड़ की राशि सम्मिलित है।

[3] राज्य शासन की कंपनियों/निगमों इत्यादि का कुल अंशपूंजी निवेश ₹ 7,533.62 करोड़ है जिसमें से ₹ 7,232.91 करोड़ पूंजीगत शीर्षों से निवेश किया गया है एवं ₹ 300.71 करोड़ उद्धिष्ट निधि ''छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निधि'' से निवेश किया गया है।

[4] इस विवरण में ''उचंत एवं विविध'' के अन्तर्गत ''रोकड़ शेष निवेश लेखे'', ''विभागीय शेष'' एवं ''स्थायी रोकड़ अग्रदाय'' सम्मिलित नहीं है, जिसे पृथक से उपर दर्शाया गया है यद्यपि ये लेखे कहीं इस क्षेत्र का एक हिस्सा बनता है।

का विवरण

(₹ करोड़ में)

दायित्वों[5]	संदर्भ (सरल क्रमांक)		31 मार्च 2024 को	31 मार्च 2023 को
	वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां	विवरण / परिशिष्ट		
उधार (लोक ऋण)				
(i) राज्य शासन का आंतरिक ऋण				
बाजार कर्जे	..	6, 17	86,032.09	59,732.09
क्षतिपूर्ति एवं अन्य बंध पत्र	..	6, 17	609.17	696.18
वित्तीय संस्थाओं से कर्जे	..	6, 17	5,891.42	5,263.21
राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को विशेष प्रतिभूतियॉ जारी	..	6, 17	2,607.49	3,063.36
भारतीय रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम	..	6, 17	0.00	0.00
(ii) केन्द्र सरकार से कर्जे और पेशगियां				
आयोजनेतर कर्जे	..	6, 17	0.56	0.56
राज्य / संघ क्षेत्र की योजनागत योजनाओं के लिए कर्जे	..	6, 17	1,761.20	2,001.05
केन्द्रीय योजनागत योजनाओं के लिए कर्जे	..	6, 17	0.19	0.19
केन्द्र प्रवर्तित योजनागत योजनाओं के लिए कर्जे	..	6, 17	0.00	0.00
1984–85 पूर्व के कर्जे	..	6, 17	0.69	0.69
राज्य / विधान मण्डल वाले संघ राज्य क्षेत्र के योजनाओं के लिए अन्य कर्ज	..	6, 17	16,984.74[6]	13,193.46
आकस्मिकता निधि (कॉर्पस)	..	21	**100.00**	**100.00**
लोक लेखा पर दायित्व				
(i) अल्प बचतें, भविष्य निधियां इत्यादि	..	12,17,21	10,848.71	9,326.98
(ii) जमा	..	12,17,21	6,405.35	6,146.92
(iii) आरक्षित निधियां	..	12,21,22	10,694.70	9,606.04
(iv) प्रेषण शेष	..	..	0.00	0.00
(v) उचंत और विविध शेष	5(iii)	12, 21	181.93[7]	238.80
व्यय पर प्राप्तियों का संचयी आधिक्य[8]	..	..	14,858.64	26,089.61
योग	..	..	**1,56,976.88**	**1,35,459.14**

[5] आस्तियों तथा दायित्वों के आंकड़े संचयी आंकड़े है। कृपया 'वित्त लेखाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियां' के टीप 1 (v) देखें।

[6] वस्तु एवं सेवा कर की क्षतिपूर्ति में कमी के एवज में राज्य के पुनर्भुगतान दायित्वों के बिना ऋण प्राप्ति के रूप में वर्ष 2020–21 (₹ 3,109.00 करोड़) एवं 2021–22 (₹ 4,965.15 करोड़) के दौरान प्रदत्त ₹ 8,074.15 करोड़ के बैक–टू–बैक ऋण सम्मिलित है।

[7] मुख्यशीर्ष 8658–'उचंत लेखा' का अंतशेष ₹ 124.65 करोड़ तथा मुख्यशीर्ष 8670–'चेक्स तथा बिल' का अंतशेष ₹ 57.28 करोड़ सम्मिलित है।

[8] व्यय पर प्राप्तियों का संचयी अधिक्य, चालू वर्ष के राजकोषीय / राजस्व आधिक्य को प्रदर्शित नहीं करते है। आंकड़े ''पूंजीगत एवं अन्य व्यय'' तथा ''निधियो के मुख्य स्त्रोत'' के निवल से निकाले गए है। विस्तृत जानकारी विवरण क्रमांक 12 में है।

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियां			संवितरण		
	2023–24	2022–23		2023–24	2022–23
भाग–1 समेकित निधि					
अनुभाग क–राजस्व					
राजस्व प्राप्तियां	**1,03,508.20**	**93,877.14**	**राजस्व व्यय**	**1,14,740.96**	**85,285.03**
कर राजस्व	**77,268.10**	**65,480.57**	वेतन[1]	27,669.25[2,3]	24,967.33
स्वयं के कर राजस्व	38,786.22	33,122.31	आर्थिक सहायता[1]	10,796.88[4]	8,306.28
संघीय करों/शुल्कों का अंश	38,481.88	32,358.26	सहायता अनुदान[1,5]	48,188.96[6]	25,734.73
करेत्तर राजस्व	**15,147.97**	**15,248.24**	**सामान्य सेवायें**	**18,880.01[7]**	**16,266.97**
ब्याज प्राप्तियां	175.16	200.75	ब्याज भुगतान तथा ऋण सेवायें	7,213.34	6,782.08
अन्य	14,972.81	15,047.49	पेंशन एवं अन्य सेवानिवृति लाभ	9,111.82[8]	7,661.46
केन्द्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान	**11,092.13**	**13,148.33**	अन्य	2,554.85	1,823.43
			सामाजिक सेवायें	**3,439.14**	**4,763.85**
			आर्थिक सेवायें	**4,469.15**	**4,103.30**
			स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन	**1,297.57[9]**	**1,142.57**
राजस्व घाटा	**11,232.76**	**0.00**	**राजस्व आधिक्य**	**0.00**	**8,592.11**

[1] समेकित आंकड़ा प्रदर्शित करने के लिए सभी क्षेत्रों के वेतन, आर्थिक सहायता एवं सहायता अनुदान के ऑकड़ों के योग किए गये है। इस विवरण में ''सामान्य, ''सामाजिक'' एवं आर्थिक'' सेवा क्षेत्रों के व्यय में वेतन, आर्थिक सहायता एवं सहायता अनुदान पर किये गये व्यय सम्मिलित नहीं है (पादटीप 2, 3, 4 एवं 6 में उल्लेखित)।

[2] उद्देश शीर्ष 01–वेतन एवं 07–कार्यभारित/आकस्मिकता स्थापना के अन्तर्गत दर्ज व्यय क्रमशः ₹ 27,260.76 करोड़ एवं ₹ 408.49 करोड़ सम्मिलित है।

[3] सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत वेतन व्यय क्रमशः ₹ 6,557.03 करोड़, ₹ 18,746.00 करोड़ एवं ₹ 2,366.22 करोड़ है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए परिशिष्ट क्रमांक I देखें।

[4] सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत आर्थिक सहायता व्यय क्रमशः ₹ 11.28 करोड़, ₹ 6.10 करोड़ एवं ₹ 10,779.50 करोड़ है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए परिशिष्ट क्रमांक II देखें।

[5] शासन द्वारा सांविधिक निगमों, कम्पनियों, स्वायत्व संस्थाओं, स्थानीय निकायों इत्यादि को सहायता अनुदान दिये जाते है जो ऊपर दिखाये अनुसार शामिल है। ये सहायता अनुदान क्षतिपूर्ति एवं करों के समनुदेशन एवं स्थानीय निकायों को शुल्क से भिन्न है जिसे पृथक रूप में ''स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज्य संस्थाओं को क्षतिपूर्ति एवं समपुदेशन'' के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया है।

[6] सामान्य, सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओ के अन्तर्गत सहायता अनुदान क्रमशः ₹ 791.69 करोड़, ₹ 17,220.70 करोड़ एवं ₹ 30,176.57 करोड़ है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए विवरण क्रमांक 10 एवं परिशिष्ट क्रमांक–III देखें।

[7] ऑफ बजट दायित्व पर ₹ 742.15 करोड़ का ब्याज भुगतान सम्मिलित है।

[8] इस राशि में विस्तृत शीर्ष–12–पेंशन एवं सेवानिवृति लाभ ₹ 8,839.08 करोड़, 25–सामग्री और पूर्तियॉ ₹ 3.97 करोड़, 37–अंतः लेखा अन्तरण–छत्तीसगढ़ राज्य पेंशन निधि में अंतरण–के अन्तर्गत दर्ज व्यय– ₹ 272.00 करोड़, तथा 40–घटाएं वसूलियॉ ₹ (–)3.23 करोड़ सम्मिलित हैं।

[9] वर्ष 2023–24 में राज्य शासन द्वारा दिये गये सहायता अनुदान ₹ 1,367.09 करोड़ जिसमें से ₹ 69.52 करोड़ पंचायत भू–राजस्व उपकर एवं स्टाम्प डयूटी निधि को स्थानांतरित किया गया।

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियां			संवितरण		
	2023–24	2022–23		2023–24	2022–23
अनुभाग ख–पूंजी					
पूंजीगत प्राप्तियां	**5.01**	**5.60**	**पूंजीगत व्यय**	**15,418.93**[10]	**13,320.30**
			सामान्य सेवायें	884.24	754.64
			सामाजिक सेवायें	7,074.24	4,988.83
			आर्थिक सेवायें	7,460.45[11]	7,576.83
कर्जे तथा पेशगियों की वापसी	**24.96**	**117.52**	**कर्जे तथा पेशगियों का संवितरण**	**311.50**	**85.96**
सामान्य सेवायें	0.00	50.00	सामान्य सेवायें	0.00	0.00
सामाजिक सेवायें	0.50	4.63	सामाजिक सेवायें	215.90	35.96
आर्थिक सेवायें	24.40	62.85	आर्थिक सेवायें	95.60	50.00
शासकीय कर्मचारियों को कर्जे तथा पेशगियां	0.06	0.04	शासकीय कर्मचारियों को कर्जे तथा पेशगियां	0.00	0.00
लोक ऋण प्राप्तियां	**54,049.72**	**10,638.74**	**लोक ऋण का पुनर्भुगतान**	**24,112.96**	**9,600.72**
आन्तरिक ऋण (बाजार कर्जे इत्यादि)[12]	50,258.44	6,938.61	आन्तरिक ऋण (बाजार कर्जे इत्यादि)[12]	23,873.11	9,370.39
भारत सरकार से कर्जे	3,791.28	3,700.13	भारत सरकार से कर्जे	239.85	230.33
अंतर्राज्यीय परिशोधन	**0.65**	**(–)0.28**	**अंतर्राज्यीय परिशोधन**	**0.46**	**(–)0.10**
योग–समेकित निधि प्राप्तियां	**1,57,588.54**	**1,04,638.72**	**योग–समेकित निधि व्यय**	**1,54,584.81**	**1,08,291.91**
समेकित निधि में कमी	**0.00**	**3,653.19**	**समेकित निधि में आधिक्य**	**3,003.73**	**..**
भाग–II–आकस्मिकता निधि					
आकस्मिकता निधि	**63.49**	**0.00**	**आकस्मिकता निधि**	**76.96**	**0.00**

[10] पूंजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिए ₹ 3,597.45 करोड़, सहायता अनुदान के ₹ 10.00 करोड, वेतन के ₹ 64.14 करोड़ एवं कार्यभारित/आकस्मिकता स्थापना के ₹ 54.94 करोड़ के अन्तर्गत दर्ज व्यय सम्मिलित है।

[11] मुख्यशीर्ष 4801 (₹ 299.29 करोड़) तथा 4810 (₹ 50.90 करोड़) में वर्गीकृत कुल पूंजीगत व्यय ₹ 350.19 करोड़, 'विद्युत विकास निधि', मुख्यशीर्ष 4853 के अन्तर्गत वर्गीकृत ₹ 30.69 करोड़ 'छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निधि' तथा मुख्यशीर्ष 5054 के अन्तर्गत वर्गीकृत (₹ 272.68 करोड़) 'केन्द्रीय सड़क निधि एवं अधोसंरचना निधि तथा मुख्यशीर्ष 4059 (₹ 93.77 करोड़) एवं मुख्यशीर्ष 5054 (₹ 1.94 करोड़) के अन्तर्गत वर्गीकृत ₹ 95.71 करोड़ का पूंजीगत व्यय अधोसंरचना विकास निधि तथा पर्यावरण विकास निधि से प्रतिपूर्ति किया गया।

[12] वर्ष 2023–24 में केन्द्र शासन के राष्ट्रीय अल्प बचत निधि से कोई भी कर्ज प्राप्त नहीं हुआ है, किन्तु मूलधन तथा ब्याज क्रमशः ₹ 455.87 करोड़ एवं ₹ 284.20 करोड़ का भुगतान किया गया है। कृपया विस्तृत जानकारी के लिए विवरण क्रमांक 6 का व्याख्यात्मक टिप्पणियॉ का पैरा 2 देखें।

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी

(₹ करोड़ में)

प्राप्तियां			संवितरण		
	2023–24	2022–23		2023–24	2022–23
भाग–III–लोक लेखा[13]					
लघु बचत, भविष्य निधि इत्यादि	3,222.13	2,965.00	लघु बचत, भविष्य निधि इत्यादि	1,700.40	1,658.52
आरक्षित तथा निक्षेप निधि	7,292.47	5,781.68	आरक्षित तथा निक्षेप निधि	6,526.46	5,963.07
जमा	2,848.20	2,587.00	जमा	2,589.77	2,226.57
पेशगियां	712.10	613.17	पेशगियां	712.20	612.82
उचंत तथा विविध	2,00,606.38	1,87,127.10	उचंत तथा विविध[14]	2,06,111.10	1,84,171.22
प्रेषण	5,309.37	8,834.59	प्रेषण	5,362.21	8,797.03
योग–लोक लेखा प्राप्तियां	**2,19,990.65**	**2,07,908.54**	**योग–लोक लेखा व्यय**	**2,23,002.14**	**2,03,429.23**
लोक लेखा में घाटा	3,011.49	0.00	लोक लेखा में आधिक्य	0.00	4,479.31
प्रारंभिक रोकड़ शेष	215.63	(–)610.48	रोकड़ का अंतशेष	194.40	215.63
रोकड़ शेष में वृद्धि	..	**826.11**	**रोकड़ शेष में कमी**	**21.23**	..

[13] विस्तृत जानकारी के लिए खण्ड–II के विवरण क्रमांक 21 देखें।

[14] उचंत एवं विविध में ''अन्य लेखे'' जैसे–रोकड़ शेष निवेश लेखा (मुख्य शीर्ष 8673) इत्यादि शामिल है। इन अन्य लेखाओं के कारण आंकड़े वृहद परिलक्षित होता है। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया विवरण क्रमांक 21 देखें।

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश

(₹ करोड़ में)

शासन की सकल रोकड़ स्थिति		31 मार्च 2024 को	31 मार्च 2023 को
क–सामान्य रोकड़ शेष			
(1)	कोषालय में रोकड़	0.00	0.00
(2)	रिजर्व बैंक में जमा[15]	194.40[16]	215.63
योग		**194.40**	**215.63**
(3)	'रोकड़ शेष निवेश लेखा' में किया गया निवेश	5,933.48	485.61
योग–(क)–सामान्य रोकड़ शेष		**6,127.88**	**701.24**
ख–अन्य रोकड़ शेष और निवेश–			
(1)	विभागीय अधिकारियों जैसे–वन तथा लोक निर्माण विभाग, राज्यपाल के सैनिक सचिव आदि के पास रोकड़	12.07	12.09
(2)	विभागीय अधिकारियों के पास आकस्मिक व्यय के लिए स्थायी पेशगी राशियां	0.34	0.34
(3)	पृथक उदिष्ट निधियों का निवेश	7,656.95[17]	7,334.30
योग–(ख)–अन्य रोकड़ शेष और निवेश–		**7,669.36**	**7,346.73**
योग (क) एवं (ख)		**13,797.24**	**8,047.97**

व्याख्यात्मक टिप्पणी

(क) रोकड़ तथा रोकड़ के समतुल्य :– रोकड़ तथा रोकड़ के समतुल्य के अंतर्गत कोषालय में नगद एवं भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों में जमा एवं मार्गस्थ प्रेषण सम्मिलित है। उपरोक्त क (2) में दर्शित ''भारतीय रिजर्व बैंक'' जमा के अन्तर्गत वर्ष के अन्त में समेकित निधि, आकस्मिकता निधि एवं लोक लेखे के समेकित शेषों को प्रदर्शित करता है। समग्र रोकड़ स्थिति की गणना हेतु कोषालयों एवं विभागों में नगद शेष तथा रोकड़ शेष/आरक्षित निधियों से निवेश, आदि को रिजर्व बैंक जमा शेषों में सम्मिलित किया जाता है।

(ख) दैनिक रोकड़ शेष :– रिजर्व बैंक के साथ किये गये करार के अनुसार राज्य शासन को बैंक में ₹ 0.72 करोड़ का न्यूनतम शेष रखना होता है। यदि शेष राशि, किसी भी दिवस मे करार के अनुसार निश्चित न्यून्तम शेष राशि से कम होती है, तो उस कमी की पूर्ति रिजर्व बैंक से समय–समय पर विशेष आहरण सुविधा एवं साधारण अर्थोपाय अग्रिम/अधिविकर्षण लेकर की जाती है। वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य सरकार द्वारा 99 दिनों के लिए विशेष आहरण सुविधा लिया जाकर न्यूनतम शेष ₹ 0.72 करोड़ रखा गया।

अर्थोपाय अग्रिम/अधिविकर्षण को स्वीकृत करने के उद्देश्य से दैनिक रोकड़ शेष की गणना हेतु 14 दिवसीय ट्रेज़री बिलों की धारिता, साथ में वर्तमान दिवस को सूचित लेन–देनों (भारतीय रिज़र्व बैंक के शाखाओं, अंतः सरकार लेन–देनों तथा अभिकर्त्ता बैंकों द्वारा सूचित कोषालय के लेन–देनों) के आधार पर

---

[15] ''रिजर्व बैक में जमा'' शीर्ष के अन्तर्गत शेष का निर्धारण हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 के 10 अप्रैल 2024 तक के अन्तः शासन मौद्रिक समाशोधन के संव्यवहारों को सम्मिलित किया गया है।

[16] मार्च 2024 के लेखे बंद होने पर प्रधान महालेखाकार के लेखे अनुसार रिजर्व बैंक में जमा के अन्तर्गत लेखाओं में दर्शित राशि ₹ 194.40 करोड़ (नामे) और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित ₹ 164.77 करोड़ (जमा) के मध्य ₹ 29.63 करोड़ (नामे) का अन्तर था। यह अंतर मुख्यतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अप्रैल 2023 में मार्च 2023 के ₹ 29.61 करोड़ (नामे) के ई–कुबेर संव्यवहारों को सम्मिलित करने तथा मान्यता प्राप्त बैंकों द्वारा केन्द्रीय लेखा अनुभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, नागपूर को त्रुटिपूर्ण सूचना देने के कारण है, जो राज्य शासन के नगद शेष को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। जून 2024 के लेखे बंद होने के उपरान्त, उक्त अंतर ₹ 0.01 करोड़ (नामे) था, जो पुनर्मिलान के अधीन है।

[17] इसमें भारत सरकार के प्रतिभूति और कोषालय देयक में ₹ 7,356.24 करोड़ एवं संयुक्त उद्यम कंपनियों की अंशपूंजी मे ₹ 300.71 करोड़ का निवेश सम्मिलित है।

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–जारी
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश–जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक आकलन करती है। इस तरह आकलित शेष में 14 दिवसीय ट्रेज़री बिलों की परिपक्वता (यदि कोई हो) जोड़ा जाता है तथा न्यूनतम रोकड़ शेष रखते हुए अधिक शेष यदि हो, तो उसे ट्रेजरी बिलों में पुनः निवेश किया जाता है। यदि आकलित निवल रोकड़ शेष, न्यूनतम शेष से कम होता है अथवा क्रेडिट शेष हो और उस दिवस को 14 दिवसीय ट्रेजरी बिल परिपक्व नहीं होता हो तो भारतीय रिज़र्व बैंक धारित 14 दिवसीय ट्रेजरी बिलों की भुनाती है एवं उस कमी को पूरा कर लेती है और यदि उस दिवस को 14 दिवसीय ट्रेजरी बिल नहीं हो तो राज्य शासन अर्थोपाय अग्रिम/विशेष आहरण सुविधा/अधिविकर्षण हेतु आवेदन करता है।

(ग) **आहरण सुविधा की सीमा (डब्ल्यू.एम.ए.) :** 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक ₹ 1,056.00 करोड़ राज्य शासन के साधारण आहरण सुविधा की सीमा थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गवर्नमेंट सिक्यूरिटी के बंधक पर विशेष आहरण सुविधा देने पर सहमति दी गई है। बैंक द्वारा विशेष आहरण सुविधा की सीमा समय–समय पर संशोधन किया जाता है। विशेष आहरण सुविधा की सीमा निम्नानुसार है :

तालिका : विशेष आहरण सुविधा की सीमा

(₹ करोड़ में)

अवधि	विशेष आहरण सुविधा की सीमा
01.04.2023 से 06.04.2023	4,268.24
07.04.2023 से 09.04.2023	4,267.33
10.04.2023	4,269.10
11.04.2023 से 16.04.2023	4,268.25
17.04.2023	4,269.46
18.04.2023	4,270.11
19.04.2023	4,274.74
20.04.2023 से 01.05.2023	4,086.62
02.05.2023 से 03.05.2023	4,086.63
04.05.2023 से 08.05.2023	4,086.62
09.05.2023	4,086.60
10.05.2023 से 12.05.2023	4,087.47
13.05.2023 से 14.05.2023	4,043.57
15.05.2023 से 16.05.2023	4,044.66
17.05.2023 से 19.05.2023	4,041.18
20.05.2023 से 21.05.2023	3,702.02
22.05.2023	4,032.84
23.05.2023	4,039.01
24.05.2023	4,038.96
25.05.2023 से 01.06.2023	4,038.92
02.06.2023 से 04.06.2023	4,038.86
05.06.2023	4,054.08
06.06.2023	4,041.23
07.06.2023 से 09.06.2023	4,041.32

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–जारी
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश–जारी

तालिका : विशेष आहरण सुविधा की सीमा–जारी

(₹ करोड़ में)

अवधि	विशेष आहरण सुविधा की सीमा
10.06.2023 से 11.06.2023	4,041.06
12.06.2023	4,041.26
13.06.2023 से 14.06.2023	4,041.32
15.06.2023	4,041.74
16.06.2023	4,041.70
17.06.2023 से 18.06.2023	4,033.70
19.06.2023	4,054.89
20.06.2023 से 22.06.2023	4,051.76
23.06.2023 से 25.06.2023	4,051.77
26.06.2023	4,054.08
27.06.2023 से 30.06.2023	4,052.39
01.07.2023 से 07.07.2023	4,286.15
08.07.2023 से 09.07.2023	4,282.84
10.07.2023	4,296.04
11.07.2023	4,286.49
12.07.2023 से 13.07.2023	4,287.33
14.07.2023 से 16.07.2023	4,287.31
17.07.2023 से 19.07.2023	4,294.51
20.07.2023 से 26.07.2023	3,651.33
27.07.2023 से 01.08.2023	3,652.54
02.08.2023	3,654.95
03.08.2023	4,068.30
04.08.2023 से 09.08.2023	4,068.33
10.08.2023 से 16.08.2023	3,882.70
17.08.2023 से 20.08.2023	3,884.39
21.08.2023	3,887.26
22.08.2023 से 27.08.2023	3,885.08
28.08.2023	3,896.36
29.08.2023 से 03.09.2023	3,885.32
04.09.2023	3,886.00
05.09.2023 से 08.09.2023	3,885.33
09.09.2023 से 10.09.2023	3,879.18
11.09.2023 से 15.09.2023	3,885.74
16.09.2023 से 17.09.2023	3,878.64
18.09.2023	3,894.48
19.09.2023	3,881.10

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–जारी
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश–जारी

तालिका : विशेष आहरण सुविधा की सीमा–जारी

(₹ करोड़ में)

अवधि	विशेष आहरण सुविधा की सीमा
20.09.2023	3,887.67
21.09.2023 से 24.09.2023	3,884.25
25.09.2023	3,893.01
26.09.2023 से 29.09.2023	3,886.45
30.09.2023 से 01.10.2023	3,880.54
02.10.2023	3,825.41
03.10.2023 से 06.10.2023	3,832.18
07.10.2023 से 08.10.2023	3,831.27
09.10.2023	3,832.19
10.10.2023 से 17.10.2023	3,832.17
18.10.2023 से 01.11.2023	3,832.87
02.11.2023 से 03.11.2023	3,832.89
04.11.2023 से 05.11.2023	3,831.96
06.11.2023 से 08.11.2023	3,832.91
09.11.2023	3,832.96
10.11.2023 से 12.11.2023	3,834.41
13.11.2023	3,834.68
14.11.2023	3,834.00
15.11.2023 से 20.11.2023	3,834.69
21.11.2023 से 22.11.2023	3,823.25
23.11.2023	3,824.15
24.11.2023	3,823.17
25.11.2023 से 27.11.2023	3,818.13
28.11.2023 से 01.12.2023	3,822.98
02.12.2023 से 03.12.2023	3,812.46
04.12.2023	3,822.88
05.12.2023 से 06.12.2023	3,825.44
07.12.2023 से 14.12.2023	3,826.78
15.12.2023	3,826.75
16.12.2023 से 17.12.2023	3,818.57
18.12.2023	3,835.15
19.12.2023 से 22.12.2023	3,838.57
23.12.2023 से 25.12.2023	3,838.25
26.12.2023 से 29.12.2023	3,838.72
30.12.2023 से 31.12.2023	3,841.70
01.01.2024	3,843.11

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–जारी
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश–जारी

तालिका : विशेष आहरण सुविधा की सीमा–जारी

(₹ करोड़ में)

अवधि	विशेष आहरण सुविधा की सीमा
02.01.2024 से 07.01.2024	3,843.26
08.01.2024	3,846.55
09.01.2024 से 10.01.2024	3,843.17
11.01.2024	3,843.13
12.01.2024 से 14.01.2024	3,843.10
15.01.2024	3,844.78
16.01.2024	3,843.10
17.01.2024	3,844.92
18.01.2024 से 23.01.2024	1,089.58
24.01.2024	1,089.93
25.01.2024 से 26.01.2024	3,765.32
27.01.2024 से 28.01.2024	3,763.99
29.01.2024	3,765.50
30.01.2024 से 31.01.2024	3,765.30
01.02.2024	3,351.95
02.02.2024	3,356.98
03.02.2024 से 04.02.2024	3,356.33
05.02.2024	3,358.26
06.02.2024	3,357.96
07.02.2024	3,545.04
08.02.2024 से 09.02.2024	4,076.63
10.02.2024 से 11.02.2024	4,071.68
12.02.2024 से 13.02.2024	4,077.38
14.02.2024	4,086.59
15.02.2024 से 19.02.2024	4,088.16
20.02.2024 से 21.02.2024	4,088.18
22.02.2024 से 27.02.2024	4,091.94
28.02.2024	4,091.08
29.02.2024 से 03.03.2024	4,092.29
04.03.2024 से 05.03.2024	4,092.98
06.03.2024 से 08.03.2024	4,092.31
09.03.2024 से 10.03.2024	4,086.13
11.03.2024 से 14.03.2024	4,093.79
15.03.2024	4,093.76
16.03.2024	4,086.21
17.03.2024	4,078.52

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–जारी
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–जारी
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश–जारी

तालिका : विशेष आहरण सुविधा की सीमा–समाप्त

(₹ करोड़ में)

अवधि	विशेष आहरण सुविधा की सीमा
18.03.2024	4,094.72
19.03.2024	4,101.10
20.03.2024	4,094.93
21.03.2024 से 22.03.2024	4,349.10
23.03.2024 से 25.03.2024	4,342.51
26.03.2024	4,351.39
27.03.2024	4,163.58
28.03.2024 से 30.03.2024	4,365.26
31.03.2024	4,400.34

अर्थोपाय अग्रिम तथा अधिविकर्षण पर भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर के अनुसार ब्याज प्रभारित होता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :

तालिका : अर्थोपाय अग्रिमों पर ब्याज का विवरण

सरल क्रमांक	शीर्षक	दर
1.	90 दिवस तक साधारण आहरण अग्रिम	रेपो रेट
2.	90 दिवस से अधिक साधारण आहरण अग्रिम	रेपो रेट (+) एक *प्रतिशत*
3.	विशेष आहरण सुविधा–समेकित निक्षेप निधि/गारंटी मोचन निधि से जुड़ी प्रतिभूतियां	रेपो रेट (–) दो *प्रतिशत*
4.	विशेष आहरण सुविधा–अन्य प्रतिभूतियां–नीलामी कोषालय बिल	रेपो रेट (–) एक *प्रतिशत*
5.	साधारण अर्थोपाय अग्रिम का शत *प्रतिशत* तक अधिविकर्षण	रेपो रेट (+) दो *प्रतिशत*
6.	साधारण अर्थोपाय अग्रिम का शत *प्रतिशत* से अधिक के अधिविकर्षण	रेपो रेट (+) पॉच *प्रतिशत*

वर्ष 2023–24 में रेपो रेट निम्नानुसार है :

तालिका : रेपो रेट का विवरण

अवधि	रेपो रेट
01.04.2023 से 07.06.2023	6.5 *प्रतिशत*
08.06.2023 से 09.08.2023	6.5 *प्रतिशत*
10.08.2023 से 05.10.2023	6.5 *प्रतिशत*
06.10.2023 से 07.12.2023	6.5 *प्रतिशत*
08.12.2023 से 07.02.2024	6.5 *प्रतिशत*
08.02.2024 से 31.03.2024	6.5 *प्रतिशत*

2. प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण–समाप्त
विवरण क्रमांक 2 का अनुलग्नक–समाप्त
रोकड़ शेष एवं रोकड़ शेषों का निवेश–समाप्त

वर्ष 2023–24 की अवधि में राज्य सरकार भारतीय रिजर्व बैंक से तय की हुई न्यूनतम शेष राशि को बनाये रखने में कहॉ तक समर्थ थी, नीचे दर्शाया गया है :

(i) दिनों की संख्या, जब न्यूनतम शेष राशि बिना अग्रिम लिए बनाये रखी गई	267
(ii) दिनों की सख्या, जब न्यूनतम शेष विशेष आहरण सुविधा लेकर बनाए रखी गई	99
(iii) दिनों की सख्या, जब न्यूनतम शेष साधारण अर्थोपाय अग्रिम लेकर बनाए रखी गई	निरंक
(iv) दिनों की संख्या, जब उपरोक्त अग्रिम का उपयोग करने के बावजूद न्यूनतम अवशेष मे कमी थी, किन्तु कोई अधिविकर्षण नही लिया गया	निरंक
(v) दिनों की संख्या जब अधिविकर्षण लिये गए	निरंक

(घ) 31 मार्च 2024 को सामान्य रोकड़ शेष से किये गए निवेशों का विवरण निम्नानुसार है :

तलिका : रोकड़ शेष निवेश की जानकारी

(₹ करोड़ में)

सं. क्र.	प्रतिभूतियों का नाम	राशि
1.	भारत सरकार के कोषालय बिल	5,933.48
योग		**5,933.48**

(ड) वर्ष 2022–23 मे ₹ 41.70 करोड़ के विरूद्ध वर्ष 2023–24 के दौरान रोकड़ शेष निवेशो पर ₹ 26.41 करोड़ का ब्याज प्राप्त हुआ।

(च) सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, अन्य संयुक्त पूंजी कम्पनियों, सहकारी बैंको और समितियों के अंशपूजी में किए गए निवेशों के ब्यौरे विवरण क्रमांक–19–''सरकार के निवेशों का विस्तृत विवरण'' में दिये गये है।

(छ) पृथक उद्धिष्ट निधियों से निवेशित राशियां की जानकारी विवरण क्रमांक–22–''उद्धिष्ट निधियों के निवेश का विस्तृत विवरण'' में दर्शाई गई है।

3. समेकित निधि में प्राप्तियों का विवरण

(₹ करोड़ में)

	विवरण	2023–24	2022–23
I. कर तथा करेत्तर राजस्व			
(क)	**कर राजस्व–**		
क.1	**स्वयं के कर राजस्व–**	**38,786.22**	**33,122.30**
	राज्य वस्तु एवं सेवा कर	13,793.29	11,298.14
	होटल प्राप्ति कर	0.35	0.63
	आय तथा व्यय पर अन्य कर	0.47	0.42
	भू–राजस्व	847.80	868.56
	स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क	2,494.18	2,228.64
	राज्य उत्पाद शुल्क	8,430.41	6,782.70
	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	6,513.48	6,450.03
	वाहन कर	2,048.20	1,756.62
	माल तथा यात्री कर	73.28	59.60
	विद्युत कर तथा शुल्क	4,584.76	3,676.97
क.2	**संघीय करों/शुल्क के निवल आगमों का अंश**	**38,481.88**	**32,358.26**
	केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर	11,678.76	9,142.17
	निगम कर	11,550.56	10,851.70
	निगम कर से भिन्न आय पर कर	13,339.34	10,589.64
	धन कर	0.00	0.00
	सीमा शुल्क	1,348.55	1,271.87
	संघ उत्पाद शुल्क	510.32	399.02
	सेवा कर	7.18	50.61
	वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	47.17	53.25
	योग–(क)	**77,268.10**	**65,480.57**
(ख)	**करेत्तर राजस्व–**		
	ब्याज प्राप्तियां	175.16	200.75
	अन्य–		
	लाभांश तथा लाभ	3.84	6.20
	लोक सेवा आयोग	0.87	1.84
	पुलिस	60.64	47.35
	जेल	4.48	4.27
	लेखन सामग्री तथा मुद्रण	3.80	3.18
	लोक निर्माण कार्य	21.32	15.28
	अन्य प्रशासनिक सेवायें	43.60	42.11
	पेंशन तथा अन्य सेवा निवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान और वसूली	12.84	22.17
	विविध सामान्य सेवायें	8.18	83.45
	शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति	32.59	28.83
	चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य	35.30	75.36
	परिवार कल्याण	0.00	0.02
	जलपूर्ति तथा सफाई	1.52	1.36
	आवास	6.80	5.36
	शहरी विकास	167.96	31.65
	सूचना तथा प्रचार	0.02	0.22

3. समेकित निधि में प्राप्तियों का विवरण–जारी

(₹ करोड़ में)

	विवरण	2023–24	2022–23
I. कर तथा करेत्तर राजस्व			
(ख)	**करेत्तर राजस्व–समाप्त**		
	अन्य–समाप्त		
	श्रम तथा रोजगार	34.44	34.92
	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	7.67	9.30
	अन्य सामाजिक सेवाएं	29.19	25.20
	फसल कृषि–कर्म	32.88	22.56
	पशु पालन	6.91	6.36
	मछली पालन	6.97	6.36
	वानिकी और वन्य प्राणी	811.28	856.04
	खाद्य भण्डारण तथा भांडागार	1.53	1.03
	सहकारिता	2.68	2.23
	अन्य कृषि कार्यक्रम	1.37	1.70
	अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम	5.33	5.98
	वृहद् सिंचाई	448.80	412.88
	मध्यम सिंचाई	4.15	6.25
	लघु सिंचाई	342.10	311.86
	ग्राम तथा लघु उद्योग	4.92	2.70
	उद्योग	10.58	13.13
	अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग	12,795.34[1]	12,941.33
	अन्य उद्योग	0.01	0.00
	सड़क तथा सेतु	1.19	1.18
	अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएं	21.71	17.83
	योग–अन्य	**14,972.81**	**15,047.49**
	योग–(ख)	**15,147.97**	**15,248.24**
II-भारत सरकार से प्राप्त अनुदान–			
(ग)	**केन्द्रीय सरकार से सहायता अनुदान–**		
	केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं		
	केन्द्रीय सहायता/अंशदान	8,193.61	8,666.39
	बाहय सहायित परियोजना–केन्द्र द्वारा समर्थित योजनागत स्कीमो के लिए अनुदान[2]	40.63	53.08
	घटायें–वापसियां	(–)16.62[3]	(–)6.95
	योग–केन्द्रीय परिवर्तित योजनाओं के लिए अनुदान	**8,217.62**	**8,712.52**

इसी प्रकार, लेखे के 43 मुख्यशीर्षो के अन्तर्गत ₹ 6,099.05 करोड़ कुल राजस्व प्राप्तियॉ (₹ 1,03,508.20 करोड़) का 5.89 *प्रतिशत* को लेखे में मुख्यशीर्ष 800–'अन्य प्राप्तियां' के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया। गत वर्ष के दौरान, लेखे के 44 मुख्य शीर्षो के अन्तर्गत ₹ 7,715.17 करोड़ कुल राजस्व प्राप्तियॉ (₹ 93,877.14 करोड़) का 8.22 *प्रतिशत* को लेखे में लघु शीर्ष 800–'अन्य प्राप्तियॉ' के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया था।

राज्य शासन को वर्तमान में प्रचलित लघुशीर्ष 800 के स्थान पर निम्न लघुशीर्ष प्रस्तावित किये गये हैं :–

स.क्रं.	वर्तमान लेखा शीर्ष	प्रस्तावित लेखा शीर्ष
1	2245–80–800–2018	2245–80–102–2018
2	2245–80–800–7408	2245–80–102–7408
3	4700–01/02/03/06/07/09–800–2898	4700–01/02/03/06/07/09–101–2898
4	4700–01/02/03/04/05/06–800–5685	4700–01/02/03/04/05/06–101–5685
5	4700–04/06/08/10/11/12–800–2884	4700–04/06/08/10/11/12–101–2884
6	4700–02/03/04/05/06/07/09/10/11/12–800–5516	4700–02/03/04/05/06/07/09/10/11/12–101–5516
7	4700–02/80–800–6354	4700–02/80–101–6354
8	4700–13/14/15/16–800–6369	4700–13/14/15/16–101–6369
9	4700–80–800–6597	4700–80–101–6597

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

स.क्रं.	वर्तमान लेखा शीर्ष	प्रस्तावित लेखा शीर्ष
10	4701–01 / 02 / 03 / 10 / 12 / 14 / 15 / 18 / 19 / 20 / 21 / 28 / 29 / 30 / 32 / 34 / 36 / 37 / 38 / 39–800–2898	4701–01 / 02 / 03 / 10 / 12 / 13 / 14 / 15 / 18 19 / 20 / 21 / 28 / 29 / 30 / 32 / 34 / 36 / 37 / 38 / 39–101–2898
11	4701–49 / 50–800–4843	4701–49 / 50–101–4843
12	4701–80–800–6354	4701–80–101–6354
13	4701–80–800–6597	4701–80–101–6597
14	4701–08 / 16 / 17 / 21 / 22 / 23 / 24 / 25 / 26 / 27 / 29 / 31 / 33–800–3366	4701–08 / 16 / 17 / 21 / 22 / 23 / 24 / 25 / 26 / 27 / 29 / 31 / 33–101–3366
15	4701–80–800–6371	4701–80–101–6371
16	4701–01 / 04 / 05 / 06 / 08 / 09 / 12 / 15 / 28 / 48–800–5188	4701–01 / 04 / 05 / 06 / 08 / 09 / 12 / 15 / 28 / 48–101–5188

वर्ष 2024–25 में उपरोक्त प्रस्तावित शीर्षों में बजट प्रावधान उपलब्ध कराई जाने की प्रगति पर ध्यान रखा जाएगा।

(v) व्यक्तिगत् निक्षेप खाते (पी.डी. खाता) में राशि का स्थानांतरण : व्यक्तिगत निक्षेप खाते नामित आहरण अधिकारियों को योजना से संबंधित विशेष उद्देश्य के लिए व्यय किये जाने हेतु सक्षम करता हैं।

छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता के नियम 543 के अनुसार तथा व्यक्तिगत जमा खाता खोलने की शर्तों के अधीन, समेकित निधि से व्यक्तिगत निक्षेप खाते में स्थानांतरित राशि को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अथवा संवरण की निर्धारित अवधि के पश्चात, समेकित निधि के अन्तर्गत संबंधित लेखाशीर्षो, जहॉ से राशि को स्थानांतरित की गई थी, में प्रतिलेखित किया जाना है।

छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता के सहायक नियम 543 के अधीन राज्य शासन के आदेश के सरल क्रमांक 2 (बी) के अनुसार व्यक्तिगत निक्षेप खातो के 28 प्रशासकों (130 में से) ने अपने शेषों का कोषालय के आंकड़ों (कोषालय में) के साथ पुनर्मिलान एवं सत्यापन किया तथा 28 वार्षिक सत्यापन प्रमाण पत्र उनके द्वारा कोषालय अधिकारी को प्रस्तुत किया गया। महालेखाकार कार्यालय द्वारा कोषालय अधिकारियों से 28 प्रमाण पत्र प्राप्त हुई। व्यक्तिगत जमा खातों के 102 प्रशासकों द्वारा कोषालय आंकड़ों के साथ उनके शेष राशि का पुनर्मिलान एवं सत्यापन नहीं किया गया।

31 मार्च 2024 की स्थिति में व्यक्तिगत जमा लेखे का विवरण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2023 तक प्रारंभिक शेष		वर्ष 2023–24 के दौरान वृद्धि		वर्ष 2023–24 के दौरान किये गये बंद / आहरण		31 मार्च 2024 को अंतशेष	
प्रशासको की संख्या	राशि	प्रशासको की संख्या	राशि	प्रशासको की संख्या	राशि	प्रशासको की संख्या	राशि
131	1,364.20	2	149.09	3	160.39	130	1,352.90

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य के समेकित निधि से इन व्यक्तिगत निक्षेप खाते में ₹ 34.59 करोड़ की राशि स्थानांतरित की गई। इसमें मार्च 2024 में स्थानांतरित ₹ 0.26 करोड़ सम्मिलित है। व्यक्तिगत निक्षेप खाते में चालानों के माध्यम से ₹ 114.50 करोड़ प्रत्यक्ष रूप से जमा की गई है।

वर्ष के दौरान, तीन व्यक्तिगत निक्षेप खाते, जिसमें ₹ 0.69 करोड़ की शेष रहा, बंद किया गया एवं संबंधित सेवा शीर्षो को ऋणात्मक नामे किये जाने के स्थान पर लोक लेखा के मुख्यशीर्ष 8443–101 (राजस्व जमा) में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 159.70 करोड़ की राशि को आहरित की गई।

विगत तीन वर्षो में सात व्यक्तिगत निक्षेप खाते जिसमें ₹ 5.20 करोड़ की शेष राशि थी, निष्क्रिय रहा।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 21 में उपलब्ध हैं।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(vi) असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक (ए.सी.) देयक : वित्तीय नियम (केन्द्रीय कोषालय नियम 290) एवं छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता के सहायक नियम 284 के अनुसार तत्काल किये जाने वाले संवितरण के अतिरिक्त कोई भी राशि शासकीय कोषालय से आहरित नहीं की जायेगी। आकस्मिक परिस्थितियों में आहरण एवं संवितरण अधिकारी संक्षिप्त आकस्मिक देयक के माध्यम से धनराशि आहरित करने हेतु प्राधिकृत है। छत्तीसगढ़ कोषालय नियम के सहायक नियम 327 के अनुसार नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अंतिम व्यय के प्रमाणक सहित विस्तृत आकस्मिक देयक जिस माह में संक्षिप्त आकस्मिक देयक आहरित किये गये थे उसके आगामी माह के 25 तारीख तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए। संक्षिप्त आकस्मिक देयक द्वारा किये गये व्यय के समर्थन में विस्तृत आकस्मिक देयकों का विलंब से प्रस्तुती या लंबे समय तक प्रस्तुत नहीं किये जाने से संक्षिप्त आकस्मिक देयक से किये गये व्यय पारदर्शी नहीं रहती है तथा वित्त लेखे में प्रदर्शित व्यय को अंतिम या सही रूप से प्रमाणित नहीं किया जा सकता।

31 मार्च 2023 तक (मार्च 2023 के लेखे तक) ₹ 306.67 करोड़ की राशि के 471 संक्षिप्त आकस्मिक देयक विस्तृत आकस्मिक देयक के लिए देय थे। वर्ष 2023–24 में (फरवरी 2024 के लेखे तक) ₹ 3,666.13 करोड़ की राशि के 291 संक्षिप्त आकस्मिक देयक आहरित किये गये जिसके विरूद्ध ₹ 3,944.20 करोड़ के 320 विस्तृत आकस्मिक देयक प्राप्त हुये। 31 मार्च 2024 तक की स्थिति में ₹ 28.60 करोड़ की राशि के कुल 442 संक्षिप्त आकस्मिक देयक असमायोजित रहे। समायोजन हेतु देय असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक देयकों का विवरण निम्नाकिंत दिया गया है:

वर्ष	असमायोजित ए.सी. देयको की संख्या	राशि (₹ करोड़ में)
2022–23 तक	214	17.51
2023–24	228	11.09
योग	**442***	**28.60**

***** इनमें एस.एन.ए. से संबंधित ए.सी./डी.सी. देयक सम्मिलित हैं।

***** मार्च 2024 के लेखे में ₹ 2,632.18 करोड़ (41.79 प्रतिशत) की राशि के 120 ए.सी. देयक आहरित किये गये।

(vii) सहायता अनुदान हेतु अप्राप्त उपयोगिता प्रमाणपत्र :

छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता भाग–1 के नियम 182 के अनुसार, वार्षिक एवं अनुवर्ती सशर्त अनुदान के प्रकरण में, अनुदेयी द्वारा प्राप्त सशर्त सहायता अनुदान से संबंधित उपयोगिता प्रमाणपत्र को अनुदान स्वीकृत करने वाली प्राधिकारी को प्रेषित किया जाना है जो उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं/या अनुदान प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त स्वीकृति के अनुसार जिस वर्ष से अनुदान संबंधित है उसके पश्यवर्ती वर्ष में 30 सितम्बर अथवा पहले तक महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को प्रेषित किया जाना चाहिए। उपयोगिता प्रमाण पत्र को प्रस्तुत ना करने की सीमा तक, वित्त लेखे में दर्शाई गई राशि लाभार्थियों को प्राप्त नही होने की एक जोखिम है।

वर्ष 2023–24 के दौरान 275 लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र से संबंधित ₹ 2,167.29 करोड़ 31 मार्च 2023 तक की अवधि के लिए देय थे एवं सम्पूर्ण राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें एस.एन.ए. से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्मिलित है। 31 मार्च 2024 तक लंबित उपयोगिता प्रमाण–पत्र की स्थिति निरंक है।

(viii) ब्याज समायोजन : शासन, (ञ) आरक्षित निधि (क–ब्याज वाली आरक्षित निधियॉ) एवं ट–जमा तथा अग्रिम (क–ब्याज वाली जमा) के श्रेणी अन्तर्गत शेष राशि पर ब्याज का भुगतान/समायोजन करने के लिए उत्तरदायी है और इस उद्देश्य के लिए मुख्य एवं लघु लेखाशीर्षो की सूची में विशिष्ट उप मुख्यशीर्षो का प्रावधान किया गया है।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

इन निधियों/जमा का विवरण एवं वर्ष 2023–24 के दौरान शासन द्वारा भुगतान किये गये ब्याज निम्नानुसार है :–

(₹ करोड़ में)

निधियॉ/जमा	1 अप्रैल 2023 को शेष राशि	ब्याज की गणना हेतु आधार	देय ब्याज	ब्याज भुगतान	ब्याज कम भुगतान
सरकारी कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदान पेंशन योजना	20.55	ब्याज की गणना शासन द्वारा अधिसूचित/सामान्य भविष्य निधि के देय ब्याज दर (7.1 *प्रतिशत*)के अनुसार की गई है।	1.89	निरंक	1.89
राज्य आपदा उन्मोचन निधि	208.34	ब्याज की गणना अधिविकर्षण पर लागू दर जो कि रेपो रेट + 2 *प्रतिशत* (8.50) है पर की गई है।	44.39	निरंक	44.39
		31.03.2023 को प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश का 9 दिन विलंब से स्थानांतरण बैंक दर पर (केन्द्रांश ₹ 181.60 करोड़ एवं राज्यांश ₹ 60.40 करोड़)	0.39	निरंक	0.39
		10.07.2023 को प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश का 8 दिन विलंब से स्थानांतरण बैंक दर पर (केन्द्रांश ₹ 181.60 करोड़ एवं राज्यांश ₹ 60.40 करोड़)	0.36	निरंक	0.36
राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि	84.22	निधि का गैर–निवेश– रेपो रेट + दो *प्रतिशत* (8..50)	15.32	निरंक	15.32
		2023–24 के दौरान प्राप्त केन्द्रांश एवं राज्यांश का गैर स्थानांतरण– बैंक दर पर (6.75 *प्रतिशत*)	5.72	निरंक	5.72
		केन्द्रांश एवं राज्यांश के स्थानांतरण में विलंब– बैंक दर पर (₹ 86.40 करोड़ की राशि 29 मार्च 2022 को प्राप्त हुई तथा 19 मई 2023 को स्थानांतरित) की गई।	7.49	निरंक	7.49
			76.56	**0.00**	**76.56**

₹ 76.56 करोड़ ब्याज दायित्व का भुगतान न करने के परिणामस्वरूप राजस्व व्यय में ₹ 76.56 करोड़ की कमी हुई। *यह वित्त लेखे के विवरण 15, 21 तथा 22 के आंकड़ों के संदर्भ में है।*

(ix) शासन द्वारा दी गई प्रत्याभूतियॉ :

छत्तीसगढ़ राज्य शासन प्रत्याभूति नियम, 2020 (संशोधित) के अनुसार, वित्तीय वर्ष के दौरान शासन द्वारा दिये गये कुल शासकीय प्रत्याभूति, महालेखाकार के पुस्तकों के अनुसार पूर्व वर्ष के राज्य के स्वयं का राजस्व प्राप्तियों का 100 *प्रतिशत* से अधिक नहीं होनी चाहिए। वर्ष के दौरान, राज्य शासन द्वारा कोई नई प्रत्याभूति जारी नहीं की गई। हालांकि 2023–24 में विद्यमान प्रत्याभूति की अधिकतम राशि के विरूद्ध ₹ 1,777.62 करोड़ की प्रत्याभूति ली गई। 31 मार्च 2024 तक ₹ 31,662.68 करोड़ का कुल प्रत्याभूति, वर्ष 2022–23 में राज्य का स्वयं के राजस्व प्राप्तियों (₹ 48,370.55 करोड) के 65.46 *प्रतिशत* तथा निर्धारित सीमा के भीतर रहा।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

छत्तीसगढ़ शासन के आदेश क्रमांक 28/2002 दिनांक 22.05.2002 के अनुसार सरकार प्रत्याभूति राशि का न्यूनतम 0.50 *प्रतिशत* प्रत्याभूति शुल्क के रूप में लेगी। ₹ 22,099.71 करोड़ के बकाया प्रत्याभूति के विरूद्ध वर्ष 2023–24 के दौरान प्रत्याभूति शुल्क के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। अप्रैल 2024 में ₹ 73.50 करोड़ का प्रत्याभूति शुल्क जमा किया गया, जिसे वर्ष 2024–25 के वित्त लेखे में लेखाबद्ध किया जायेगा।
प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 09, 14 एवं 20 पर उपलब्ध हैं।

(x) पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्यय :

राज्य शासन द्वारा पारिस्थितिकी और पर्यावरण हेतु किये गये व्यय को वित्त लेखे में विभिन्न कार्यात्मक लेखाशीर्षो के अन्तर्गत लघुशीर्ष स्तर पर दर्शाया जाता है। वर्ष 2023–24 के दौरान, मुख्यशीर्ष 2406 एवं 4702 के अन्तर्गत ₹ 414.13 करोड़ के बजट प्रावधान के विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन ने ₹ 368.07 करोड़ का व्यय किया। इसके अतिरिक्त मुख्यशीर्ष 2402 के अन्तर्गत ₹ 205.67 करोड़ के बजट प्रावधान के विरूद्ध ₹ 267.95 करोड़ का व्यय किया। गत वर्ष 2022–23 के दौरान छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्यशीर्ष 2029, 2401, 2406 एवं 4059 के अन्तर्गत ₹ 105.35 करोड़ के बजट प्रावधान के विरूद्ध ₹ 76.58 करोड़ का व्यय किया।

(xi) अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित व्यय :

वर्ष 2023–24 के दौरान, छत्तीसगढ़ शासन ने अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं (आपदा) से संबंधित राहत उपायों पर मुख्यशीर्ष 2245 के अन्तर्गत ₹ 609.58 करोड़ (गत वर्ष ₹ 312.85 करोड़) का व्यय किया। शासन को केन्द्र सरकार से राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत ₹ 181.60 करोड़ का सहायता अनुदान/केन्द्रीय सहायता (वर्ष 2022–23 की द्वितीय किश्त) प्राप्त हुआ, जिसका लेखांकन मुख्यशीर्ष 1601 के अन्तर्गत किया गया है।

(xii) केन्द्रीय ऋणों का अपलेखन : तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुपालन में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा फरवरी 2012 में, विभिन्न मंत्रालयो (केवल वित्त मंत्रालय द्वारा प्रदत्त ऋणो को छोड़कर) द्वारा राज्य शासन को केन्द्रीय आयोजना एवं केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं हेतु दिनांक 31 मार्च 2010 की स्थिति में प्रदत्त ऋणो को अपलेखित किया गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा आदेश के प्रभावी दिनांक (31 मार्च 2010) तथा इसके क्रियान्वयन के मध्य किये गये मूलधन एवं ब्याज का अधिक पुनर्भुगतान को वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले पुनर्भुगतान के विरूद्ध समायोजित किये जाने हेतु राज्य शासन को अनुमति प्रदान की। छत्तीसगढ़ शासन ने 31 मार्च 2024 के अंत तक ₹ 0.04 करोड़ (₹ 0.03 करोड़ का मूलधन एवं ₹ 0.01 करोड़ का ब्याज) का अधिक भुगतान किया जिसका समायोजन वित्त मंत्रालय द्वारा नहीं किया गया है।

(xiii) राज्य शासन द्वारा दिये गये ऋण :

₹ 46.72 करोड़ के पुराने ऋणों (जिनका विस्तृत लेखा प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा संधारित किया जाता है) का विगत कई वर्षो से मूलधन और ब्याज की वसूली नहीं हुई है तथा ऐसे ऋण 10 वर्षो से अधिक पुराने है।

संविधिक निकायों/अन्य संस्थाओं को दिये गये ₹ 441.85 करोड़ के ऋणों के पुनर्भुगतान का नियमों और शर्तों का निर्धारण नहीं किया गया है। (वित्त लेखे के विवरण 18 के अतिरिक्त प्रकटीकरण में विवरण हैं)। परिणामस्वरूप, इस लेखे पर राज्य शासन की प्राप्तियों का आकलन नहीं किया जा सका।

प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रतिवर्ष ऋण शेषों (जहॉ प्रधान महालेखाकार द्वारा विस्तृत लेखे का संधारित किया जाता है) का सत्यापन तथा स्वीकृति हेतु ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को सूचित करता है। किसी भी कर्जदार ने शेष राशि की पुष्टि नहीं की है। विभागीय अधिकारियों से शेष राशि का पुनर्मिलान के लिए अपेक्षित जानकारी का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट–VII में दिया गया है।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(xiv) प्रतिबद्धित दायित्व : बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार केन्द्र सरकार द्वारा उपचय लेखांकन (एक्रूअल अकाऊन्टिग) की ओर अग्रसर होने हेतु कार्यवाही प्रारंभ की गई है। तथापि, चूंकि परिवर्तन चरणों में घटित होगा, उपचय पर आधारित लेखांकन प्रणाली में परिवर्तन हेतु, कतिपय अतिरिक्त जानकारी विवरण के रूप में नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में संलग्न किया जाना आवश्यक है जिससे निर्णयन में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार को प्रतिबद्ध दायित्वों की जानकारी दिया जाना था जिसे वित्त लेखे के परिशिष्ट–XII में दर्शाया गया है।

राज्य शासन ने प्रतिबद्ध दायित्वों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की है।

(xv) केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं (सी.एस.एस.) पर व्यय :

वर्ष के दौरान 31 मार्च 2024 की स्थिति में केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं एवं केन्द्रीय सहायता (जैसे एस.डी.आर.एफ., एस. डी.एम.एफ.) के अन्तर्गत कुल व्यय ₹ 18,062.95 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 13,708.28 करोड़ एवं पूंजीगत व्यय ₹ 4,354. 67 करोड़) दर्ज किया गया है, जिसमें केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं एवं केन्द्रीय सहायता का केन्द्रांश (₹ 8,848.58 करोड़) तथा राज्यांश (₹ 9,214.29 करोड़) का व्यय सम्मिलित है। केन्द्र प्रवर्तित योजना के राज्यांश में जल जीवन मिशन पर किया गया व्यय ₹ 2,825.24 करोड़ सम्मिलित है, जिसके विरूद्ध केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रांश राज्य बजट के माध्यम से विमुक्त न करते हुए कार्यान्वयन अभिकरणों को प्रत्यक्ष रूप से स्थानांतरण किया गया।

(xvi) राज्य में क्रियान्वयन अभिकरणों को केन्द्रीय योजना निधि का प्रत्यक्ष स्थानांतरण (राज्य बजट के बाहर उपलब्ध कराई गई निधि):

महालेखा नियंत्रक के पीएफएमएस पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य के क्रियान्वयन अभिकरणों (एनजीओ, केन्द्र सरकार के संगठन, वैधानिक संगठन, शहरी/ग्रामीण निकाय, लाभार्थी आदि) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से ₹ 12,411.41 करोड़ प्राप्त किये गये। वर्ष 2022–23 के तुलना में क्रियान्वयन अभिकरणों को निधि के प्रत्यक्ष स्थानांतरण में 15.20 *प्रतिशत* (वर्ष 2022–23 में ₹ 14,636.43 करोड़ से वर्ष 2023–24 में ₹ 12,411.41 करोड़ तक) की कमी हुई। विस्तृत विवरण वित्त लेखे के *परिशिष्ट–VI* में दर्शाया गया है।

(xvii) राज्य शासन के ऑफ बजट दायित्व :

ऑफ बजट उधार शासन का दायित्व है क्योकि मूलधन तथा उस पर ब्याज अनिवार्य रूप से शासन के बजट से राज्य के संस्थाओं को सहायता अथवा अनुदान के रूप में चुकाया जाता है।

राज्य शासन ने 2023–24 के अपने बजट दस्तावेजों (एफआरबीएम प्रकटीकरण) में वर्ष 2022–23 तक ₹ 4,121.33 करोड़ का ऑफ बजट दायित्व का खुलासा किया है, जो लेखे में दर्शायी गई दायित्व अर्थात ₹ 1,01,696.43 करोड़ के अतिरिक्त है। तथापि राज्य शासन ने 2024–25 के बजट दस्तावेजों में वर्ष 2023–24 के लिए ऑफ बजट दायित्वों की स्थिति का खुलासा नहीं किया। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के वेब साईट में उपलब्ध जानाकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा दो संस्थाओं से संबंधित ₹ 2,706.04 करोड़ की ऑफ बजट उधारी की उगायी की गयी है।

वर्ष 2023–24 में छत्तीसगढ़ शासन ने सात संस्थाओं के संबंध में ऑफ बजट उधार पर मूलधन के पुनर्भुगतान एवं ब्याज भुगतान हेतु क्रमशः ₹ 711.16 करोड़ तथा ₹ 742.15 करोड़ प्रदान किये। वर्ष के दौरान कोई प्रत्याभूति का उन्मोचन नही किया गया है।

वर्ष के दौरान राज्य शासन ने उदय के अन्तर्गत जारी बंध पत्र पर ₹ 87.01 करोड़ का मूलधन का भुगतान किया गया है। राज्य के राजकोषीय संकेतकों की गणना करते समय उदय पर मूलधन एवं ब्याज के भुगतान को सम्मिलित नही किया जाता है।

वर्ष 2022–23 में राज्य द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की वापसी किये जाने से भविष्य में राज्य शासन पर अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव पड़ेगा।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(xviii) सिंगल नोडल एजन्सी (एस.एन.ए.) को निधि का स्थानांतरण :

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र क्रमांक आई (13) पीएफएमएस/एफसीडी/2020 दिनांक 23.03.2021 के माध्यम से केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं के अन्तर्गत राशि विमुक्त करने एवं एस.एन.ए. के माध्यम से जारी धन का उपयोग की निगरानी हेतु प्रक्रिया को अधिसूचित किया। प्रत्येक सी.एस.एस. के लिए एस.एन.ए. की स्थापना की गयी है, जिसका अपना बैंक खाता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में है, जिसे राज्य सरकार द्वारा शासकिय व्यवसाय संचालित करने हेतु प्राधिकृत किया गया है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 16 फरवरी 2023 के अनुसार राज्य शासन, केन्द्रांश के साथ–साथ अनुरूप राज्यांश को भी केन्द्रांश की प्राप्ति के 30 दिवस के अंदर एस.एन.ए. के खातें में स्थानांतरित किया जाना है। एस.एन.एन. खाते में केन्द्रांश के स्थानांतरण में 30 दिवस से अधिक विलंब होने पर प्रभावी दिनांक 01.04.2023 से 7 *प्रतिशत* प्रतिवर्ष की दर से दिनों की संख्या पर ब्याज का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाना होगा।

एस.एन.ए. 01 (पी.एफ.एम.एस. पोर्टल) तथा राज्य शासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य शासन को वर्ष के दौरान राज्य शासन के कोषालय लेखे में ₹ 8,051.05 करोड़ का केन्द्राश प्राप्त हुआ। 31 मार्च 2024 तक, राज्य शासन ने एस.एन.ए. को ₹ 8,514.85 करोड़ का केन्द्राश तथा ₹ 8,609.09 करोड़ का राज्यांश स्थानांतरित किया। वास्तविक व्यय के विस्तृत प्रमाणक तथा सहायक दस्तावेज एस.एन.ए. से महालेखाकार कार्यालय में प्राप्त नहीं हुए। एस.एन.ए. 01 (पी.एफ.एम.एस. पोर्टल) तथा राज्य शासन से प्राप्त जानकारी अनुसार, 31 मार्च 2024 की स्थिति में एस.एन.ए. के बैंक खातों में ₹ 7,196.82 करोड़ अव्ययित रहा।

वित्त लेखे के अनुसार, वर्ष के दौरान राज्य शासन द्वारा केन्द्रांश के रूप में ₹ 8,190.55 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। 31 मार्च 2024 की स्थिति में, शासन ने एस.एन.ए. को ₹ 8,722.87 करोड़ का केन्द्रांश तथा ₹ 8,994.94 करोड़ का राज्यांश स्थानांतरित किया। कुल ₹ 17,717.81 करोड़ की स्थानांतरण में से, संक्षिप्त आकस्मिक देयको के माध्यम से ₹ 6.25 करोड़, सहायता अनुदान देयको के माध्यम से ₹ 12,774.53 करोड़, पूर्ण रूप से प्रमाणित आकस्मिक देयको के माध्यम से ₹ 4,109.09 करोड़ तथा अन्य (चिकित्सा देयक, छात्रवृत्ति, एस.आर. फार्म, यात्रा अग्रिम देयक एवं वेतन देयक) के माध्यम से ₹ 827.94 करोड़ स्थानांतरित किया गया। वित्त लेखे में दर्शाये गये आंकड़े तथा एस.एन.ए. रिपोर्ट के आंकड़े के मध्य अंतर पुनर्मिलान के अधीन है।

कार्यालय ज्ञापन दिनांक 30.06.2021 के अनुसार, केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के केन्द्रांश की अव्ययित राशि पर अर्जित ब्याज भारत की समेकित निधि में जमा किया जाना है। वर्ष 2023–24 के दौरान, केन्द्रीय प्रवर्तित योजना के केन्द्रांश की अव्ययित शेष राशि पर ₹ 1.53 करोड़ की राशि का अर्जित ब्याज राज्य शासन/एस.एन.ए. द्वारा भारत की समेकित निधि के स्थान पर राज्य की समेकित निधि में जमा की गई। इसके अतिरिक्त वर्ष 2022–23 के दौरान जमा किये गये ₹ 22.80 करोड़ के केन्द्रांश पर ब्याज की राशि में से, 2023–24 में केवल ₹ 5.45 करोड़ ही पेयजल तथा स्वच्छता विभाग, भारत सरकार को स्थानांतरित किये गये। परिणामस्वरूप, 31 मार्च 2024 की स्थिति में राज्य शासन का रोकड़ शेष ₹ 18.88 करोड़ (वर्ष 2022–23 का ₹ 17.35 करोड, 2023–24 का ₹ 1.53 करोड़) अधिक दर्शाया गया। एस.एन.ए. रिपोर्ट तथा वित्त लेखे के मध्य ₹ 139.50 करोड़ केन्द्रांश का अंतर पुनर्मिलान के अधीन है।

4. **आकस्मिकता निधि :** छत्तीसगढ़ आकस्मिकता निधि अधिनियम, 2001 के धारा 5 के साथ पठित छत्तीसगढ़ आकस्मिकता निधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन निधि के अभिरक्षा, उसमें धनों के भुगतान और उसमें से धनों को निकालने से संबंधित या इन सब बातों में सहायक समस्त विषयों का नियमन करने के लिए नियम बना सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य की आकस्मिकता निधि में ₹ 100.00 करोड़ की राशि है। वर्ष के दौरान, निधि से ₹ 76.96 करोड़ की राशि आहरित की गई एवं ₹ 63.49 करोड़ की राशि आकस्मिकता निधि में प्रतिपूर्ति की गई। वर्ष 2023–24 के अंत में, विभिन्न शीर्षो में ₹ 13.47 करोड़ की राशि प्रतिपूर्ति नहीं की गई, विवरण निम्नानुसार है–

/

स.क्रं	मुख्य शीर्ष	राशि (₹ करोड़ में)
1	2205–कला एवं संस्कृति	0.37
2	2406–वानिकी तथा वन्य प्राणी	0.10
3	4225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय	8.00
4	4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय	5.00

31 मार्च 2024 की स्थिति में आकस्मिकता निधि में ₹ 86.53 करोड़ शेष है।
संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 1, 2 तथा 21 में उपलब्ध है।

5. लोक लेखा :

(i) राष्ट्रीय पेंशन योजना :

दिनांक 01.11.2004 को या उसके पश्चात नियुक्ति किये गये राज्य शासन के कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) के अन्तर्गत है, जो एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है। इस योजना के अन्तर्गत, कर्मचारी को अपने मासिक वेतन का 10 *प्रतिशत* तथा राज्य शासन को 14 *प्रतिशत* की दर से अंशदान देना होता है। संपूर्ण राशि को ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित निधि प्रबंधक को स्थानांतरित किया जाना है।
छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने पत्र क्रमांक 282 दिनांक 11.05.2022 के माध्यम से 01.11.2004 से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में प्रत्यावर्तन अधिसूचित किया है। एन.पी.एस. के अन्तर्गत आने वाले कुल कर्मचारियों में से 2,90,598 कर्मचारियों ने ओ.पी.एस. एवं 10,349 ने नई पेंशन योजना (एनपीएस) का विकल्प चुना है।

वर्ष 2023–24 के दौरान राष्ट्रीय पेंशन योजना में कुल अंशदान ₹ 92.37 करोड़ था (कर्मचारी अंशदान ₹ 38.29 करोड़, शासकीय अंशदान ₹ 52.29 करोड़, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी तथा नियोक्ता अंशदान ₹ 1.79 करोड़)। शासकीय अंशदान की विस्तृत जानकारी वित्त लेखे के विवरण क्रमांक 15 में मुख्यशीर्ष 2071 के अन्तर्गत उपलब्ध है। ₹ 52.29 करोड़ की शासकीय अंशदान, मुख्यशीर्ष 2071 से प्रत्यक्ष रूप से ट्रस्टी बैंक को स्थानांतरित की गयी। कर्मचारी अंशदान तथा प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी तथा नियोक्ता अंशदान कुल राशि ₹ 40.08 करोड़ में से ₹ 39.06 करोड़ ट्रस्टी बैंक को स्थानांतरित की गयी। इसप्रकार, राज्य शासन का रोकड़ शेष ₹ 1.02 करोड़ अधिक दर्शाया गया। शासकीय अंशदान ₹ 1.32 करोड़ कम है, जिसके परिणामस्वरूप राजस्व व्यय को कमी एवं रोकड़ शेष अधिक दर्शाया गया। गत वर्षों के राष्ट्रीय पेंशन योजना अंशदान के ₹ 20.55 करोड़ राज्य के लोक लेखा में शेष था तथा ट्रस्टी बैंक को स्थानांतरित नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप रोकड़ शेष को अधिक दर्शाया गया।

(ii) (क) ब्याज वाली आरक्षित निधियॉ :

(ए) राज्य आपदा उन्मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ) : राज्य आपदा उन्मोचन निधि (मुख्यशीर्ष '8121–सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियां' के अन्तर्गत ब्याज वाली आरक्षित निधि के अधीन है) के गठन एवं प्रशासन से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा 75:25 के अनुपात से निधि में अंशदान किया जाना है।

वर्ष 2022–23 के दौरान राज्य शासन ने केन्द्रांश के रूप में ₹ 181.60 करोड़ (केन्द्रांश की पहली किस्त) प्राप्त की। वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य शासन को केन्द्रांश के रूप में ₹ 181.60 करोड़ (द्वितीय किस्त) प्राप्त की। प्रत्येक किस्त के लिए राज्यांश ₹ 60.40 करोड़ (₹ 120.80 करोड़) है। राज्य शासन ने मुख्यशीर्ष '8121–122 राज्य आपदा उन्मोचन निधि' के अन्तर्गत निधि में ₹ 484.00 करोड़ (केन्द्रांश–₹ 363.20 करोड़ एवं राज्यांश–₹ 120.80 करोड़) स्थानांतरित किया। एन.डी.आर.एफ. हेतु केन्द्र सरकार से कोई भी राशि प्राप्त नहीं हुई। वर्ष 2023–24 के केन्द्रांश से संबंधित कोई राशि प्राप्त नहीं हुई।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(बी) राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (एस.डी.एम.एफ.) :

आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48 (1) (सी) के अन्तर्गत राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि (एस.डी.एम.एफ.) का गठन किया जाना है। यह निधि केवल राज्य आपदा उन्मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ.)/राष्ट्रीय आपदा उन्मोचन निधि (एन.डी.आर.एफ.) के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत सम्मिलित आपदा एवं समय–समय पर राज्य शासन द्वारा अधिसूचित राज्य विशेष स्थानीय आपदा से संबंधित न्यूनीकरण परियोजनाओं के उद्देश्य से है। राज्य शासन द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ–नं.1–93/राजस्व/राहत/2020, दिनांक 24.04.2020 के माध्यम से मुख्यशीर्ष 8121–130–'राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि' के अन्तर्गत एस.डी.एम.एफ. गठन किया।

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य शासन को केन्दांश के रूप में ₹ 90.80 करोड़ (वर्ष 2022–23 के लिए) प्राप्त हुये तथा वर्ष के दौरान राज्यांश ₹ 30.27 करोड़ है। इसे राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि में स्थानांतरित नहीं किया गया है।

वर्ष 2023–24 के दौरान प्राप्त ₹ 90.80 करोड़ केन्दांश तथा ₹ 30.27 करोड़ राज्यांश का स्थानांतरण न किये जाने से उस सीमा तक राजस्व व्यय में कमी हुई।

वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य शासन ने मुख्यशीर्ष 8121–130 एस.डी.एम.एफ. के अन्तर्गत गत वर्ष 2021–22 से संबंधित ₹ 115.20 करोड़ (केन्द्रांश ₹ 86.40 करोड़ तथा राज्यांश ₹ 28.80 करोड़) की राशि निधि में स्थानांतरित किया गया।

(सी) राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशों के परिपालन में प्रतिकरात्मक वनरोपण करने हेतु उपयोगकर्ता अभिकरणों से प्राप्त राशियों के लिए लोक लेखा में ब्याज वाले अनुभाग के अन्तर्गत राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि का गठन किया जाना चाहिए। लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार, उपयोगकर्ता अभिकरणों द्वारा जमा किये जाने वाले प्रतिकरात्मक वनरोपण से संबंधित प्राप्तियों को प्रथम अवसर पर राज्य शासन द्वारा प्राप्त किया जाना है।

तदोपरान्त, 10 *प्रतिशत* की केन्द्रांश को राष्ट्रीय प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि में तथा 90 *प्रतिशत* को राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि में स्थानांतरित किया जाना होगा। राज्य शासन ने उपयोगकर्ता अभिकरणों से शुल्क की प्राप्ति हेतु समर्पित खाता नहीं खोले। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अनुसार, वन भूमि के व्यपवर्तन के मामलों में उपयोगकर्ता अभिकरणों परिवेश–II पोर्टल पर ऑनलाइन चालान के माध्यम से राशि जमा करती है, जिनका लेखांकन राष्ट्रीय कैम्पा के अन्तर्गत संकलित किया जाता है।

वर्ष 2023–24 के दौरान राज्य शासन को राष्ट्रीय प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि से ₹ 388.72 करोड़ प्राप्त हुए जो 01.04.2020 से 31.03.2022 की अवधि के दौरान उपयोगकर्ता अभिकरणों द्वारा जमा की गई राशि का 90 *प्रतिशत* हैं। समर्पित खाता की अनुपस्थिति में, वर्ष 2022–23 के दौरान उपयोगकर्ता अभिकरणों ने ₹ 423.59 करोड़ की राशि राष्ट्रीय प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि में जमा किये। शासन ने इस निधि से ₹ 1,000.00 करोड़ का व्यय किया तथा ₹ 3,375.70 करोड़ का निवेश किया। 31 मार्च 2024 की स्थिति में राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि में कुल शेष राशि ₹ 3,383.83 करोड़ थी।

(डी) छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि :

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि अधिनियम, 2003 के भाग 3 (2) के अनुसार प्रत्येक वर्ष, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान एकत्रित खनिज राजस्व के पांच *प्रतिशत* की समतुल्य राशि निधि हेतु चिन्हित तथा अभिदाय किया जाना है। वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य शासन द्वारा ₹ 647.07 करोड़ छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निधि में स्थानांतरण किया जाना था (वर्ष 2022–23 के दौरान संग्रहित ₹ 12,941.33 करोड़ की खनिज राजस्व का पांच *प्रतिशत*) जिसके विरूद्ध राज्य शासन ने केवल ₹ 400.00 करोड़ का स्थानांतरण किया। ₹ 247.07 करोड़ की कम अंशदान के परिणामस्वरूप राजस्व व्यय में उस सीमा तक कमी हुई।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(ख) बिना ब्याजवाली आरक्षित निधियॉ :

(ए) समेकित निक्षेप निधि (सी.एस.एफ) : छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2006–07 में ऋणों का परिशोधन हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशासित समेकित निक्षेप निधि का गठन किया। निधि के दिशा–निर्देशों के अनुसार राज्य शासन द्वारा समेकित निक्षेप निधि में पूर्व वर्ष के अंत तक बकाया दायित्व (आंतरिक ऋण एवं लोक लेखा दायित्व ₹ 86,500.48 करोड़) का न्यूनतम 0.5 *प्रतिशत* अंशदान किया जाना है। वर्ष 2023–24 में ₹ 432.50 करोड़ का निधि में अंशदान किया जाना था जिसके विरूद्ध शासन ने केवल ₹ 415.00 करोड़ का अंशदान किया। 31 मार्च 2024 की स्थिति में निधि का कुल संचय ₹ 3,701.94 करोड़ था (31 मार्च 2023 को ₹ 3,286.94 करोड़)।

(बी) छत्तीसगढ़ राज्य प्रत्याभूति मोचन निधि : राज्य शासन ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रशासित प्रत्याभूति मोचन निधि का गठन किया है। राज्य शासन द्वारा जारी निधि अधिसूचना में नवीनतम संशोधन में यह निर्धारित करता है कि वर्ष 2023 से राज्य शासन प्रारंभ में विगत वर्ष के अंत में बकाया प्रत्याभूति का न्यूनतम एक *प्रतिशत* अंशदान करेगी तथा उसके पश्चात आगामी पांच वर्षों में 3 *प्रतिशत* का न्यूनतम स्तर प्राप्त करने के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम 0.5 *प्रतिशत* का अंशदान किया जायेगा। निधि को धीरे–धीरे बढ़ाकर 5 *प्रतिशत* के वांछनीय स्तर तक वृद्धि किया जाएगा। यदि प्रत्याभूति उन्मोचित की गई है या उन्मोचन होने की संभावना है, तो अतिरिक्त निधि (5 *प्रतिशत* से अधिक) बनाए रखी जाएगी। वर्ष के दौरान शासन ने ₹ 10.00 करोड़ का अंशदान दिया। 31 मार्च 2024 तक संचित निधि में कुल ₹ 15.00 करोड़ था (वर्ष 2022–23 के दौरान निधि में स्थानांतरित ₹ 5.00 करोड़ सम्मिलित हैं) तथा इसे ट्रेजरी बिलों में निवेश किया गया है।

जी.आर.एफ. योजना की अधिसूचना के अनुसार, राज्य शासन को ₹ 221.00 करोड़ (31.03.2023 तक कुल बकाया प्रत्याभूति के ₹ 22,099.71 करोड़ का एक *प्रतिशत*) का अंशदान देना था, जिसके विरूद्ध 31 मार्च 2024 तक ₹ 15.00 करोड़ का अंशदान किया गया।

(सी) पेंशन निधि :

छत्तीसगढ़ शासन ने 29 मार्च 2003 की अधिसूचना के अन्तर्गत पेंशन निधि की स्थापना की है। छत्तीसगढ़ राज्य पेंशन निधि नियम के नियम 6 में कहा गया है कि सरकार इस निधि में तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष में पेंशन संबंधी दायित्वों के लिए मुख्यशीर्ष 2071 में कुल दायित्वों के 5 *प्रतिशत* से कम राशि स्थानांतरित नहीं करेगी, बशर्ते कि राज्य शासन उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखते हुए, निधि में ज्यादा राशि स्थानांतरित कर सकती है। पेंशन निधि को मुख्यशीर्ष 8229–200 अन्य विकास निधि के नीचे उप–शीर्ष स्तर पर बनाया गया है। 31.03.2023 की स्थिति में मुख्यशीर्ष 2071 के अन्तर्गत कुल व्यय ₹ 7,661.46 करोड़ था, जिसका 5 *प्रतिशत* वर्ष 2023–24 में निधि में अंशदान के लिए ₹ 383.07 करोड़ है।

1 अप्रैल 2024 तक निधि का प्रारंभिक शेष ₹ 456.05 करोड़ था। वर्ष के दौरान, ₹ 383.07 करोड़ के आवश्यक अंशदान के विरूद्ध ₹ 272.00 करोड़ की राशि निधि में स्थानांतरित की गई। ₹ 111.07 करोड़ के कम अंशदान ने उस सीमा तक राजस्व व्यय कमी हुई।

(iii) केन्द्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) :

भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना दिनांक 31.03.2018 के माध्यम से पूर्ववर्ती केन्द्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) का नाम परिवर्तित कर केन्द्रीय सड़क और अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) किया गया। सी.आर.आई.एफ. का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास एवं रखरखाव, रेलवे परियोजनाओं, रेलवे सुरक्षा में सुधार, राज्य एवं ग्रामीण सड़कों तथा अन्य अधोसंरचना हेतु किया जाएगा।

प्रचलित लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार केन्द्र से राज्य द्वारा प्राप्त अनुदान को प्रथमतः मुख्यशीर्ष 1601 के अन्तर्गत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है। तत्पश्चात, प्राप्त राशि को राज्य शासन द्वारा कार्यात्मक मुख्यशीर्षों के माध्यम से लोक लेखा के अतर्गत मुख्यशीर्ष 8449–103–'केन्द्रीय सड़क और अवसंरचना निधि' में स्थानांतरित किया जाना है।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य शासन को सी.आर.आई.एफ. में ₹ 353.60 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ। तथा ₹ 300.00 करोड़ (2021–22 के ₹ 69.64 करोड़, 2022–23 के ₹ 86.92 करोड एवं 2023–24 के ₹ 143.44 करोड़) निधि को स्थानांतरित किये। राज्य शासन ने 31 मार्च 2024 तक लोक लेखा में ₹ 210.16 करोड़ निधि में स्थानांतरण नहीं किये। ₹ 210.16 करोड़ का कम स्थानांतरण से राजस्व व्यय में कमी हुई।

(iv) उचंत एवं प्रेषण शेष :

वर्ष 2023–24 के दौरान, वाउचर/चालान/स्वीकृति पत्र इत्यादि दस्तावेजों के अभाव में, प्रधान महालेखाकार/महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय द्वारा कोई भी राशि उचंत [मुख्यशीर्ष 8658, लघुशीर्ष 102 (आपत्ति पुस्तिका उचंत) एवं लघु शीर्ष 110 रिजर्व बैंक उचंत–केन्द्रीय लेखा कार्यालय] के अन्तर्गत नहीं रखा गया है।

वित्त लेखे उचन्त एवं प्रेषण शीर्षों के अन्तर्गत निवल शेषों को दर्शाते है। विभिन्न शीर्षों के अन्तर्गत बकाया नामें एवं जमा शेषों को पृथक रूप से जोड़कर गणना किये जाने पर 31 मार्च 2024 तक तीन मुख्य शीर्षो (8658, 8782 एवं 8793) के अन्तर्गत ₹ 226.86 करोड़ (नामे) थी (31 मार्च 2023 तक ₹ 117.78 करोड़ (नामे)।

इन शीर्षो के अन्तर्गत बकाया शेषों का निराकरण न करने से राज्य शासन के विभिन्न लेखा शीर्षो के अन्तर्गत प्राप्ति/व्यय के आंकड़ों एवं शेषों (जिसे वर्षानुवर्ष आगे ले जाया जाता है) की शुद्धता को प्रभावित करता है।

(v) चैक्स् एवं बिल्स्/डिजिटल भुगतान : मुख्यशीर्ष 8670–चैक्स् एवं बिल्स् के अन्तर्गत जमा शेष यह इंगित करता है कि जारी किये गये चैक्स् को भुनाया नहीं गया है। 1 अप्रैल 2023 को प्रारंभिक शेष ₹ 57.91 करोड़ (जमा) था। वर्ष 2023–24 दौरान ₹ 1,10,208.16 करोड़ के चैक्स्/भुगतान फाइलें जारी किये गये जिसके विरूद्ध ₹ 1,10,208.79 करोड़ के चैक्स्/भुगतान फाइलें को भुनाये गये तथा 31 मार्च 2024 को अंतशेष राशि ₹ 57.28 करोड़ (जमा) रहा। अंतशेष, विभिन्न वित्तीय वर्षों में अनेक कार्यात्मक मुख्यशीर्षो के अन्तर्गत मूल रूप से दर्ज व्यय जिसका 31 मार्च 2024 तक छत्तीसगढ़ शासन से कोई नगद निकासी नहीं हुआ है, प्रदर्शित करता है। डिजिटल भुगतान के मामले में, इलेक्ट्रानिक मोड के माध्यम से किये गये भुगतान आदेशों को संव्यवहार पूरा होने पर व्यय माना जाता है। यद्यपि, असफल के मामलें में जिसे 'ई–कुबेर असफल' संव्यवहार कहा जाता है, संव्यवहार का लेखा 8658–102 में उचंत के रूप में दर्ज किया जाता है। वर्ष 2023–24 में 'ई–कुबेर' असफल संव्यवहार के कारण ₹ 72.46 करोड़ की राशि उचंत के रूप में दर्ज की गई।

(vi) भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर : भारत सरकार द्वारा कर्मकारों को लाभ प्रदाय किये जाने हेतु उपकर के उगाही एवं संग्रहण के लिए ''भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996'' (उपकर अधिनियम) अधिनियमित किया गया है।

वर्ष 2023–24 के दौरान, राज्य शासन मुख्यशीर्ष 8443 के अन्तर्गत श्रमिक उपकर के रूप में ₹ 59.99 करोड़ (2022–23 ₹ 39.81 करोड़) संग्रहित किया एवं भवन तथा अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल को ₹ 58.01 करोड़ (2022–23 ₹ 45.53 करोड़) स्थानांतरित किया। इस प्रकार, 31 मार्च 2024 को ₹ 1.98 करोड़ (31 मार्च 2023 तक ₹ 3.20 करोड़) मुख्यशीर्ष 8443 से अस्थानांतरित रहा। चूंकि यह पास–थ्रू संव्यवहार है, इसलिए शासन ने रोकड़ शेष को इस राशि से अधिक दर्शाया गया है।

(vii) अन्य उपकर/फीस/अधिभार : वर्ष 2023–24 के दौरान, शासन ने ₹ 395.90 करोड़ (वर्ष 2022–23 के दौरान ₹ 421.16 करोड़) संग्रहित किये, जिसमें अधोसंरचना विकास उपकर (₹ 197.95 करोड़) एवं पर्यावरण उपकर (₹ 197.95 करोड़) सम्मिलित है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023–24 के दौरान ₹ 245.50 करोड़ की निर्दिष्ट निधि में स्थानांतरित की गई (वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 के दौरान भी कोई राशि स्थानांतरित नहीं की गई)। ₹ 176.66 करोड़ कम स्थानांतरण राजस्व व्यय को कम दर्शाता है।

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(viii) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एनएमईटी) को प्रेषण : खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन)–एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 9 सी (1) के तहत, अगस्त 2015 में, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास (एनएमईटी) की स्थापना की गई। अधिनियम की धारा 9 सी (4) कहा गया है कि खनन पट्टे या खनिज रियायत के धारक को दूसरी अनुसूची के अनुसार भुगतान की गई रॉयल्टी के दो *प्रतिशत* के समान राशि का भुगतान न्यास को करेगा, जिस तरह से केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (संशोधन) नियम, 2018 के नियम 7(1) में कहा गया है कि खनन पट्टा या पूर्वेक्षण लाइसेंस–सह–खनन पट्टा धारक, राज्य शासन को रॉयल्टी का भुगतान करते समय, अधिनियम की धारा 9 सी की उपधारा (4) के तहत रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि न्यास को इस उद्देश्य के लिए दर्ज किये गये शीर्ष के अन्तर्गत राज्य के लोक लेखे में जमा किया जाएगा। राशि के प्राप्त होने पर, राज्य शासन उप–नियम (1) के तहत राज्य के लोक लेखे में संग्रहित की गई राशि को भारत की संचित निधि में स्थानांतरित किया जायेगा।

लेखा प्रक्रिया के अनुसार, खनिकों द्वारा आवश्यक राशि सीधे राज्य के लोक लेखा में मुख्यशीर्ष 8449–123 एनएमईटी के अन्तर्गत जमा की जा रही है। तत्पश्चात, वृद्धि को समय–समय पर भारत के संचित निधि के अन्तर्गत एनएमईटी में स्थानांतरित किया जाता है। एनएमईटी निधि भारत के लोक लेखा के अन्तर्गत बनाई गई गैर–व्यपगत एवं गैर–ब्याज वाली निधि है।

राज्य शासन द्वारा उपरोक्त लेखांकन की प्रक्रिया अपनाई गई है। एन.एम.ई.टी. से संबंधित प्राप्तियां पट्टेदार द्वारा सीधे मुख्यशीर्ष 8449–123 के अन्तर्गत जमा की जाती है तथा राज्य शासन द्वारा इसे खनन मंत्रालय, भारत सरकार को स्थानांतरित किया जाता है। वर्ष 2023–24 के दौरान मुख्यशीर्ष 8449–123 के अन्तर्गत ₹ 136.21 करोड़ जमा किये गये तथा संपूर्ण राशि भारत सरकार को स्थाानांतरित किया गया।

(ix) प्रतिकुल शेष : प्रतिकुल शेष वह स्थिति है, जब वित्तीय वर्ष के अंत में लेखा शीर्ष पर शेष राशि ऋणात्मक शेष दर्शाती है, देयता शीर्षो के अन्तर्गत नामे/(–)जमा शेष या उन शीर्षो का प्रतिनिधित्व करता है जहॉ सामान्य रूप से जमा शेष होना चाहिए तथा संपत्ति शीर्षो के अन्तर्गत जमा/(–)नामे शेष या उन शीर्षो का प्रतिनिधित्व करता है जहॉ सामान्य रूप से नामे शेष होना चाहिए। लेखा शीर्ष में प्रतिकूल शेष त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण, धन की उपलब्धता से अधिक संवितरण, प्राप्त अंशदान से अधिक संवितरण, एक लेखा इकाई से दूसरी में शेष राशि को आगे न ले जाने, प्रशासनिक पुनर्गठन के कारण राज्यों/अधिक लेखा इकाईयों का निर्माण इत्यादि के कारण उत्पन्न होता है। दिनांक 31.03.2024 तक प्रतिकूल शेष निम्नांकित दिये गये विवरण के अनुसार 10 शीर्षों में दर्शाये गये है –

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष का विवरण	ऋणात्मक शेष
4202–01–797	शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय	0.12 (जमा)
4408–01–101	खाद्य, भंडारण तथा भांडागार पर पूंजीगत व्यय	0.39 (जमा)
4408–02–190	खाद्य, भंडारण तथा भांडागार पर पूंजीगत व्यय	0.12 (जमा)
4425–107	सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय	0.04 (जमा)
4425–108	सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय	0.06 (जमा)
4425–108	सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय	0.15 (जमा)
4425–200	सहकारिता पर पूंजीगत परिव्यय	0.15 (जमा)
4801–01–052	बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय	0.03 (जमा)
5054–80–797	सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय	0.03 (जमा)

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष का विवरण	ऋणात्मक शेष
5055–800	सड़क परिवहन पर पूंजीगत परिव्यय	0.08 (जमा)
6425–107	सहकारिता के लिए कर्ज–छत्तीसगढ़ सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा जारी किया गया ऋणपत्र	1.09 (जमा)
6425–107	सहकारिता के लिए कर्ज–एकीकृत आदिवासी विकास कार्यक्रम जगदलपुर	0.01 (जमा)
8223–102	अकाल राहत निधि–निवेश लेखा	4.61 (जमा)
8342–120	विविध जमा	20.42 (नामे)
6004–02–101	केन्द्रीय सरकार से कर्ज तथा अग्रिम– राष्ट्रीय जल विद्युत परियोजना फेज–II	3.87 (नामे)

(viii) रोकड़ शेष : प्रधान महालेखाकार के अभिलेखानुसार दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति में रोकड़ शेष ₹ 194.40 करोड़ (नामे) था एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिवेदित रोकड़ शेष ₹ 164.77 करोड़ (जमा) था। ₹ 29.63 करोड़ (नामे) का शुद्ध अंतर मुख्यतः राज्य शासन द्वारा मार्च 2023 का ₹ 29.61 करोड़ के ई–कुबेर संव्यवहार (अप्रैल 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भुगतान) का लेखांकन नहीं करने और मान्यता प्राप्त बैंको द्वारा केन्द्रीय लेखा अनुभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, नागपूर को प्रेषित ₹ 0.02 करोड़ (निवल) का त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन के कारण रहा।

प्रधान महालेखाकार के अभिलेखानुसार 31 मार्च 2023 को रोकड़ शेष ₹ 215.63 करोड़ (नामे) थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रतिवेदित रोकड़ शेष ₹ 215.95 करोड़ (जमा) थी। ₹ 0.32 करोड़ (जमा) का निवल अंतर, मुख्यतः मान्यता प्राप्त बैंको द्वारा केन्द्रीय लेखा अनुभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, नागपूर को प्रेषित त्रुटिपूर्ण प्रतिवेदन के कारण हुई थी।

6. **त्रुटीपूर्ण वर्गीकरण का प्रभाव :** पूर्व के अनुच्छेदों में उल्लेखित त्रुटीपूर्ण वर्गीकरण/सांविधिक प्रावधानों के गैर अनुपालन का राज्य वित्त पर प्रभाव निम्न में सारणीबद्ध है :

(₹ करोड़ में)

अनुच्छेद क्रमांक	मद (उदाहरणात्मक)	राजस्व व्यय का अत्युक्ति	राजस्व व्यय का न्यूनोक्ति	पूंजीगत व्यय का अत्युक्ति	पूंजीगत व्यय का न्यूनोक्ति	राजस्व प्राप्ति का अत्युक्ति	राजस्व प्राप्ति का न्यूनोक्ति	रोकड़ शेष का अत्युक्ति	रोकड़ शेष का न्यूनोक्ति
3(ii)	राजस्व एवं पूंजीगत के मध्य त्रुटीपूर्ण वर्गीकरण	38.93	3,656.58	3,656.58	38.93	..	..	..	..
3(viii)	राष्ट्रीय पेंशन योजना पर ब्याज दायित्वों	..	1.89	..	..	..	..	..	..
3(viii)	राज्य आपदा उन्मोचन निधि पर ब्याज दायित्वों	..	46.14	..	..	..	..	..	..
3(viii)	राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि पर ब्याज दायित्वों	..	28.53	..	..	..	..	..	..

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–जारी

(₹ करोड़ में)

अनुच्छेद क्रमांक	मद (उदाहरणात्मक)	राजस्व व्यय का अत्युक्ति	राजस्व व्यय का न्यूनोक्ति	पूंजीगत व्यय का अत्युक्ति	पूंजीगत व्यय का न्यूनोक्ति	राजस्व प्राप्ति का अत्युक्ति	राजस्व प्राप्ति का न्यूनोक्ति	रोकड़ शेष का अत्युक्ति	रोकड़ शेष का न्यूनोक्ति
3(xviii)	वर्ष 2022–23 के दौरान राज्य की समेकित निधि में जमा की गई सिंगल नोडल एजेंसी के केन्द्रांश की अव्ययित शेष राशि पर अर्जित ब्याज	..	..	..	..	..	..	17.35	..
	2023–24	..	..	..	..	1.53	..	1.53	..
5(i)	राष्ट्रीय पेंशन योजना में कम स्थानांतरण	..	..	..	..	..	..	1.02	..
	2022–23 के अंत में राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत बकाया शेष का स्थानांतरण न किया जाना	..	..	..	..	..	..	20.55	..
	ट्रस्टी बैंक को शासकीय अंशदान का कम स्थानांतरण	..	1.32	..	..	..	..	1.32	..
5(ii) (क) (बी)	राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के केन्द्रांश का स्थानांतरण न किया जाना	..	90.80	..	..	..	..	..	..
	राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के राज्यांश का स्थानांतरण न किया जाना	..	30.27	..	..	..	..	..	..
5(ii) (क) (डी)	खनिज विकास निधि में कम स्थानांतरण	..	247.07	..	..	..	..	..	..
5(ii) (ख) (सी)	छत्तीसगढ़ राज्य पेंशन निधि का कम अंशदान	..	111.07						

/

वित्त लेखाओं के लिए टिप्पणियां–समाप्त

(₹ करोड़ में)

अनुच्छेद क्रमांक	मद (उदाहरणात्मक)	राजस्व व्यय का अत्युक्ति	राजस्व व्यय का न्यूनोक्ति	पूंजीगत व्यय का अत्युक्ति	पूंजीगत व्यय का न्यूनोक्ति	राजस्व प्राप्ति का अत्युक्ति	राजस्व प्राप्ति का न्यूनोक्ति	रोकड़ शेष का अत्युक्ति	रोकड़ शेष का न्यूनोक्ति
5(iii)	केन्द्रीय सड़क और अवसंरचना निधि के सहायता अनुदान का स्थानांतरण न किया जाना	..	210.16						
5(vi)	भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड उपकर का अस्थानांतरण	..	..	..	..	..	..	5.18	..
5(vii)	अधोसंरचना विकास उपकर तथा पर्यावरण उपकर का कम स्थानांतरण	..	175.66	..	..	..	..	..	..
योग (निवल) प्रभाव	**अत्युक्ति / यूनोक्ति**	**38.93**	**4,599.49**	**3,656.58**	**38.93**	**1.53**	**0.00**	**46.95**	**0.00**

/

© भारत के नियंत्रक
महालेखापरीक्षक

www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/chhattisgarh/hi